


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 322/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 07 जुलाई 2025 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in




## विश्व की वर्तमान वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित किया जाना चाहिए



# 21वीं सदी के सॉफ्टवेयर को 20वीं सदी के टाइपराइटर से नहीं चलाया जा सकता: मोदी

**रियो डी जेनेरियो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रमुख वैश्विक निकायों में सुधार पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि 'ग्लोबल साउथ' अक्सर दोहरे मानदंडों का शिकार हुआ है और विश्व अर्थव्यवस्था में प्रमुख योगदान देने वाले राष्ट्रों को निर्णय लेने वाले मंच पर जगह नहीं मिल पाती है। वैश्विक शासन में सुधार पर आयोजित सत्र में अपने संबोधन में पीएम मोदी ने विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, विश्व व्यापार संगठन और प्रमुख वित्तीय निकायों में सुधार पर जोर देते हुए कहा कि इनमें विश्व की वर्तमान वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) के युग में, जहां प्रौद्योगिकी हर सप्ताह विकसित होती है, वैश्विक संस्थाओं का 80 साल तक बिना सुधार के चलना अस्वीकार्य है। आप 20वीं सदी के टाइपराइटरों पर 21वीं सदी का सॉफ्टवेयर नहीं चला सकते। उन्होंने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' के बिना ये संस्थाएं ऐसे




मोबाइल फोन की तरह लगती हैं, जिनके अंदर 'सिम कार्ड' तो लगा हुआ है, लेकिन नेटवर्क नहीं है। ब्राजील के समुद्र तटीय शहर में समूह के दो-दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन के पहले दिन ब्रिक्स के शीर्ष नेताओं ने विश्व के समक्ष उपस्थित विभिन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन ने शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लिया। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल-फतह अल-सिसी भी सम्मेलन में शामिल नहीं हुए।

### सुधार के लिए भी इच्छाशक्ति दिखानी होगी

प्रधानमंत्री ने कहा,अब हमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) और बहुपक्षीय विकास बैंकों जैसी संस्थाओं में सुधार के लिए भी यही इच्छाशक्ति दिखानी होगी। उन्होंने कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग में, जहां हर सप्ताह तकनीक का उन्नयन होता है, किसी वैश्विक संस्था का 80 वर्षों में एक बार भी अपडेट न होना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा, भारत ने हमेशा अपने हितों से ऊपर उठकर मानव जाति के हित में काम करना अपना कर्तव्य माना है। पीएम मोदी ने कहा, हम ब्रिक्स देशों के साथ मिलकर सभी विषयों पर रचनात्मक योगदान देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

### ऐसे हुई वार्षिक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की शुरुआत

वार्षिक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की शुरुआत समूह के सदस्य देशों के नेताओं द्वारा एक सामूहिक तस्वीर खिंचवाने के साथ हुई, जिसके बाद ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा ने अपना संबोधन दिया। पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया को एक नयी बहुध्रुवीय और समावेशी व्यवस्था की जरूरत है और इसकी शुरुआत वैश्विक संस्थाओं में व्यापक सुधारों से होनी चाहिए। उन्होंने कहा, सुधार केवल प्रतीकात्मक नहीं होने चाहिए, बल्कि उनका वास्तविक प्रभाव भी दिखना चाहिए। शासन व्यवस्था, मताधिकार और नेतृत्व के पदों में बदलाव होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने तर्क दिया कि नीति-निर्माण में 'ग्लोबल साउथ' के देशों की चुनौतियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स का विस्तार इस बात का प्रमाण है कि यह एक ऐसा संगठन है जो समय के अनुसार खुद को बदलने की क्षमता रखता है।

### अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत करेगा

ब्रिक्स समिट को लेकर भारत के आर्थिक संबंधों के सचिव दम्मू रवि ने ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर कहा कि तेजी से बदलती दुनिया में ब्रिक्स सम्मेलन की काफी अहमियत है। भारत, ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य देश है और अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत करेगा। प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स सम्मेलन में दोहराया कि 20वीं सदी के वैश्विक संगठनों में 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने की क्षमता का अभाव है।

---

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## पुरी में भगवान जगन्नाथ सुना बेशा में 208 किलो सोने के आभूषणों से सजे



**पुरी।** ओडिशा के पुरी में चल रहे रथ यात्रा उत्सव के दौरान आज भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के सुना बेशा का भव्य आयोजन हुआ। इस पवित्र अनुष्ठान में तीनों देवताओं को उनके रथों पर लगभग 208 किलोग्राम सोने के आभूषणों से सजाया गया। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के अनुसार सुना बेशा में भगवान जगन्नाथ को श्री हस्त (सोने के हाथ), श्री पायर (सोने के पैर), श्री मुकुट (सोने का मुकुट), श्री मयूर चंद्रिका (सोने का मोर पंख), और श्री कुंडल (सोने की बाली) जैसे आभूषणों से सजाया गया। भगवान बलभद्र को सोने का हल और गदा, जबकि देवी सुभद्रा को विभिन्न सोने के गहनों से अलंकृत किया गया। इन आभूषणों का कुल वजन 208 किलोग्राम बताया गया है, जो मंदिर के रत्न भंडार से लाए गए हैं। बता दें, सुना बेशा रथ यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण है, जो भगवान जगन्नाथ की दिव्य समृद्धि और भक्ति का प्रतीक है। यह अनुष्ठान आषाढ़ शुक्ल एकादशी तिथि को बहुदा यात्रा के बाद आयोजित किया जाता है, जब देवता गुंडिचा मंदिर से श्रीमंदिर लौटते हैं।

## मुठभेड़ में मारा गया नक्सली निकला 10 लाख का इनामी

**बीजापुर एजेंसी।** शनिवार को नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में मारे गए माओवादी की पहचान पूरी कर ली गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मारा गया माओवादी माओवादियों की मिलिट्री कंपनी से जुड़ा हुआ स्नाइपर था, जिसकी पहचान सोढ़ी कन्ना के रूप में हुई है। कन्ना जगरगुंडा थाना क्षेत्र के किस्टाराम गांव का निवासी था और सुरक्षा एजेंसियों की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल था। उस पर छत्तीसगढ़ सरकार ने 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। मुठभेड़ स्थल से हथियार और अन्य माओवादी सामग्री भी बरामद की गई है। सुरक्षा बलों के लिए यह बड़ी सफलता मानी जा रही है, क्योंकि मारा गया माओवादी लंबे समय से क्षेत्र में हिंसक वारदातों में सक्रिय था और सुरक्षा बलों पर हमलों में शामिल रहा है। मुठभेड़ के बाद क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन अब भी जारी है। बता दें कि वर्ष 2017 में बस्तर के कोंडागांव जिले के मर्दापाल में हुई नक्सली मुठभेड़ के दौरान छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में पदस्थ आरक्षक कृष्णनाथ किंडो वीरगति को प्राप्त हुए थे। इस अवसर पर बलिदान जवान के स्वजन, पुलिस अधिकारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



## बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली एजेंसी।** न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की आंशिक कार्य दिवस (पीडब्ल्यूडी) पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के नेतृत्व में कई याचिकाकर्ताओं की ओर से प्रस्तुत दलीलों को संज्ञान में लेते हुए गुरुवार (10 जुलाई) को मामले की सुनवाई के लिए सहमति जताई। सिब्बल ने पीठ से आग्रह किया कि वह इन याचिकाओं पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी करे। इस पर न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा, हम इस मामले को गुरुवार को सुनेंगे। मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में राजद सांसद मनोज झा, एडीआर और टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने याचिका दायर की है। मनोज झा ने चुनाव आयोग के उस निर्णय को अदालत में खारिज करने की मांग की है, जिसमें आयोग ने बिहार में विशेष सघन पुनरीक्षण प्रक्रिया को तुरंत लागू करने का निर्देश दिया है। राजद का कहना है कि विधानसभा चुनाव के ठीक कुछ महीने पहले इस तरह की प्रक्रिया चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाती है।

---

**मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों को देंगे विस्तार**

# सीएम डॉ. मोहन यादव ने आज लुधियाना में उद्योगपतियों से निवेश पर किया संवाद



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमवार को लुधियाना में वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड परिसर में पंजाब के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ बैठक में मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार का निवेश संवाद कार्यक्रम 'एडवांटेज एमपी' लुधियाना में हो रहा है। 7 जुलाई को लुधियाना में वर्ष का तीसरा बड़ा रोड शो आयोजित किया जा रहा है, जिसमें टेक्सटाइल, मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग और आईटी जैसे क्षेत्रों से जुड़े दिग्गज उद्योगपति मध्यप्रदेश की औद्योगिक संभावनाओं से रूबरू होंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में बेंगलुरु और सूरत में हुए निवेश रोड शो को बड़ी सफलता मिली थी। लुधियाना में यह कार्यक्रम राज्य की औद्योगिक क्षमताओं, स्थायी नीतियों और निवेश-अनुकूल माहौल को देशभर के निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत करने का सशक्त माध्यम बनेगा।

**इंडस्ट्री विजिट्स वर्धमान और दीपक फास्टनर का दौरा-** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव लुधियाना स्थित प्रतिष्ठित उद्योग समूहों वर्धमान टेक्सटाइल और दीपक फास्टनर का दौरा किया। इस दौरान उत्पादन, तकनीक और प्रबंधन से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी ली और मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी।

**वन-टू-वन मीटिंग्स में संभावनाओं पर सीधा संवाद-** डॉ. यादव लुधियाना के उद्योगजगत की हस्तियों से व्यक्तिगत बैठकों के माध्यम से संभावित निवेश प्रस्तावों, औद्योगिक साझेदारी और सरकारी सहयोग की जरूरतों पर चर्चा की। इन संवादों का उद्देश्य व्यावहारिक, परिणामोन्मुखी और दीर्घकालिक औद्योगिक सहयोग को सशक्त बनाना है। डॉ. यादव ने ट्राइडेंट ग्रुप के मुख्यालय में आयोजित हाई-टी सत्र में भी लेंगे, जहां कंपनी के नेतृत्व से संभावित साझेदारी और औद्योगिक विस्तार पर संवाद होगा। यह सत्र सहयोग, विश्वास और विकास की भावना को मजबूत करने वाला होगा।

## फूल कुंवर पटवा के 95 वें जन्म दिवस पर सीएम एवं शुक्ल ने लिया आशीर्वाद





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने फूल कुंवर पटवा के 95 वें जन्म दिवस पर विधायक सुरेंद्र पटवा के 74 बंगला स्थित निवास पहुंचकर बधाई और शुभकामनाएं दीं तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने फूल कुंवर पटवा को पुष्प गुच्छ और शाल श्रीफल भेंट किए। मुख्यमंत्री ने श्रीमती पटवा के स्वस्थ -सुखी जीवन और उनके दीर्घायु होने की कामना की।

### इंटरएक्टिव सेशन-'इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन एमपी'

मुख्यमंत्री एक विशेष सत्र के तहत राज्य की नवीन औद्योगिक नीति, पीएम मित्र पार्क, टेक्सटाइल ओडीओपी, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स और लॉजिस्टिक-क्लस्टर्स जैसी योजनाओं की जानकारी साझा करेंगे। यह सेशन लुधियाना के उद्यमियों के लिए निवेश की गहराई से समझ का अवसर होगा।

### विभागों की समीक्षा बैठक



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में विभागीय विषयों की समीक्षा की।



पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद की कार्यकारणी समिति की 7 वीं बैठक में सहभागिता की।

---

**रक्षा मंत्री ने किया नियंत्रक सम्मेलन का उद्घाटन**

# दुनिया की नजर भारत के रक्षा क्षेत्र पर: राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) द्वारा आयोजित नियंत्रक सम्मेलन का उद्घाटन किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिये दुनियाभर ने हमारे सैनिकों का जज्बा और युद्ध प्रणाली को देखा। आज हमारे रक्षा क्षेत्र पर पूरी दुनिया की नजर है। उन्होंने कहा कि दुनिया हमारे रक्षा क्षेत्र की ओर देख रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सैनिकों ने जो वीरता दिखाई है, साथ ही जिस तरह से हमने अपने घरेलू उपकरणों की क्षमताओं का प्रदर्शन किया है, उससे हमारे स्वदेशी रक्षा उत्पादों की मांग में वृद्धि हुई है। 2024 में विश्व सैन्य व्यय बढ़कर 2.7 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। इतना बड़ा बाजार हमारा इंतजार कर रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज रक्षा क्षेत्र में जो परिवर्तनकारी बदलाव हो रहे हैं, वे पहले ऐसे नहीं थे। आज के बदलाव गतिशील और अनिश्चित हैं। शांति का समय एक धोखा है, इसके अलावा कुछ नहीं। मुझे लगता है कि हम सभी को शांति के समय में रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने पर चर्चा करनी चाहिए। लेकिन अचानक हम खुद को ऐसी स्थिति में पाते हैं जो हमें जगाती है और हमें कुछ और करने की आवश्यकता का अहसास होता है।

### हमारा रक्षा बजट बहुत बड़ा

राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर आप हमारे रक्षा बजट को देखें तो यह दुनिया के कुछ देशों की जीडीपी से भी बड़ा है। जब लोगों की मेहनत की कमाई का एक बड़ा हिस्सा रक्षा मंत्रालय को आवंटित किया जाता है तो हमारी जिम्मेदारी कई गुना बढ़ जाती है। हमें प्रभावी विकास की आवश्यकता है। हमारा रक्षा व्यय ऐसा होना चाहिए कि न केवल बजट बढ़े, बल्कि हम इसका सही तरीके से उपयोग भी कर सकें। सही समय पर सही उद्देश्य के लिए उचित तैनाती करके। उन्होंने कहा कि रक्षा अधिग्रहण परिषद ने पहली बार जैम पोर्टल से पूंजी खरीद की अनुमति दी है, यह एक सराहनीय कदम है। मुझे यह भी बताया गया है कि विभाग रक्षा कर्मियों के लिए व्यापक वेतन प्रणाली और केंद्रीकृत डाटाबेस प्रबंधन पर काम कर रहा है।

### रक्षा अर्थशास्त्र में एक कदम और आगे बढ़ना चाहिए

उन्होंने कहा कि अगर किसी उपकरण की अचानक आवश्यकता बढ़ जाती है, तो हम सभी को इस मुद्दे पर विचार करना चाहिए। यह सब शांति के समय में करने की जरूरत है। वित्तीय प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए हम सभी को रक्षा अर्थशास्त्र में एक कदम और आगे बढ़ना चाहिए। इसके पीछे कारण यह है कि पूरा विश्व पुनः शस्त्रीकरण के एक नए युग की ओर बढ़ रहा है और इस क्षेत्र में कई पूंजी निवेश किए जा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि आपने नियंत्रक सम्मेलन आयोजित किया है, लेकिन मुझे लगता है कि आपका दिमाग खुला और ग्रहणशील होना चाहिए। रक्षा लेखा विभाग की जिम्मेदारी सिर्फ कागजों पर हिसाब-किताब रखना नहीं है, बल्कि यह हमारी सुरक्षा व्यवस्था का भी अहम हिस्सा है। जब आप ईमानदारी से काम करते हैं, तो इसका असर हमारी सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों तक भी पहुंचता है। उन्हें लगता है कि उनके पीछे एक सिस्टम है जो हर परिस्थिति में उनके साथ रहेगा।

---

# ब्रिक्स देशों को ट्रंप ने धमकाया, अब देना होगा 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए नया बयान जारी किया है। उन्होंने अपने ट्रुथ सोशल अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा है कि जो भी देश ब्रिक्स समूह का हिस्सा बनते हैं, उन पर अमेरिका 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा। बता दें, भारत भी ब्रिक्स का सदस्य है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्राजील में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के लिए गए हैं। ट्रम्प ने स्पष्ट किया कि जो राष्ट्र ब्रिक्स की नीतियों के ज़रिए अमेरिका विरोधी रुख अपनाएंगे, उनके




खिलाफ यह टैरिफ नीति सख्ती से लागू की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस नियम में कोई छूट नहीं दी जाएगी और सभी देशों पर समान रूप से यह कर लगाया जाएगा। अंत में उन्होंने सभी से इस विषय पर विचार करने के लिए धन्यवाद। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स के 17वें सम्मेलन में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में भाग लिया है। वहीं, भारत और अमेरिका के बीच कुछ महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौते भी लंबित हैं। जानकारी के अनुसार भारत ने प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी सीमाएं स्पष्ट कर दी हैं। अब इस समझौते को अंतिम रूप देने की जिम्मेदारी अमेरिका की ओर है।

### अंतरिम व्यापार समझौते पर चर्चा

बता दें कि अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारतीय उत्पादों पर 26त्न अतिरिक्त टैरिफ लगाने का निर्णय लिया था, लेकिन इस पर अस्थायी रूप से 90 दिनों की रोक लगा दी गई है। हालांकि, 10त्न का मूल शुल्क अब भी प्रभावी है। भारत चाहता है कि उसे इस 26त्न अतिरिक्त शुल्क से पूरी तरह छूट मिल जाए। यदि प्रस्तावित व्यापार वार्ता असफल होती है, तो यह अतिरिक्त शुल्क दोबारा लागू हो सकते हैं। बीते सप्ताह ट्रम्प ने कहा था कि उनका प्रशासन लगभग 10 से 12 देशों के पहले समूह को पत्र भेज रहा है, जिनमें जवाबी टैरिफ से जुड़ी जानकारी साझा की जाएगी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि यह पूरी प्रक्रिया 9 जुलाई तक पूरी हो सकती है।


# पीट-पीटकर कर दी स्ट्रीट डॉग की हत्या

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के निशातपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने भौंकने से नाराज एक स्ट्रीट डॉग को पीट-पीटकर मार डाला। कुत्ते को बचाने पहुंचे एक युवक को आरोपी ने जान से मारने की धमकी तक दे डाली। दरअसल आरोपी युवक के पालतू कुत्ते पर आए दिन स्ट्रीट डॉग भौंकता रहता था।

स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपी मुजलिम प्रतिदिन अपने पालतू कुत्ते को टहलाने के लिए लेकर जाता था, लेकिन स्ट्रीट डॉग पालतू कुत्ते को देखकर भौंकने लगता था। इसी बात से नाराज होकर मुजलिम ने गुस्से में आकर स्ट्रीट डॉग की हत्या कर दी। कुत्ते की हत्या से स्थनीय लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया और पुलिस को भी सूचना दी। हालांकि देर रात कि किसी ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई, जिस कारण कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया जा सका है। आरोपी ने हत्याकांड का विरोध करने पर मोहल्ले की महिलाओं, युवाओं से भी अभद्रता की है।

### वैश्विक क्षमा दिवस आज

# यह दिन भगवद्गीता की सीख को दोहराता है



**भोपाल।** आज मनाया जाने वाला वैश्विक क्षमा दिवस हमें द्वेष और कुंठा के बंधनों से मुक्त होने का पवित्र अवसर देता है, जो आत्मा को शांति और ईश्वर से जोड़ता है। यह दिन भगवद्गीता की सीख को दोहराता है कि क्रोध मन को भ्रमित करता है, जबकि क्षमा उसे स्वच्छ और शांत बनाती है, जैसा कि महावीर और बुद्ध ने उपदेश दिया। क्षमा वह शक्ति है जो हमें दूसरों की भूलों को प्रेम से स्वीकार करने और स्वयं की गलतियों को माफ करने का बल देती है। यह आध्यात्मिक कृत्य अहंकार को विसर्जित कर आत्मा को मुक्त करता है। इस दिन ध्यान और प्रार्थना के जरिए हम अपने अंतर्मन को शुद्ध कर सकते हैं। वैश्विक क्षमा दिवस हमें याद दिलाता है कि सच्ची शांति और प्रेम क्षमा के बिना अधूरे हैं।

# विशेष बच्चों को दिखाई तारे जमीन पर

**भोपाल।** निदान सेवा समिति एनजीओ जो कि विशेष बच्चों ( ऑटिस्टिक, डाउन सिंड्रोम, सेरेब्रल पाल्सी, एडीएचडी ) के साथ पिछले 11 वर्षों से कार्यरत है, इन बच्चों की शिक्षा के साथ साथ इन बच्चों के भीतर छिपे हुनर को भी तराशती है, चूंकि सितारे ज़मी पर फ़िल्म इन्हीं बच्चों के ऊपर बनाई गई है तो निदान सेवा समिति अपने



समस्त बच्चों और उनके अभिभावकों और स्नेही स्वजनों के साथ इस फिल्म को देखने गई और इस फ़िल्म का आनंद लिया। इस को सफल बनाने में लायंस इंटरनेशनल का विशेष धन्यवाद और उन सभी साथियों का भी धन्यवाद जिनके स्नेह एवं सहयोग से आज का यह दिन सार्थक हुआ बच्चे फिल्म देख कर पर प्रफ्फुलित हो गए। हम रोज़ जिन विशेष बच्चों के साथ काम करते हैं, उनकी झलक हर दृश्य में दिखी। उनकी चुप्पी, उनकी कल्पना, उनका संघर्ष सब कुछ अंदर तक छू गया। आज फिर से एहसास हुआ हम कितने भाग्यशाली हैं कि हमें इन सितारों के साथ काम करने का मौका मिला है। उनकी दुनिया समझना सीख रहे हैं... और उसी में खुद को बेहतर इंसान बना रहे हैं। सितारे ज़मीन पर नहीं होते, वो हमारे आसपास होते हैं

# महाराज अग्रसेन की महाआरती में अग्रवाल समाज दे रहा एकजुटता का संदेश

## मारवाड़ी अग्रवाल समाज महिला मंडल ने की सोलहवीं महाआरती की जजमानी



**भोपाल।** अग्रवाल समाज के आराध्य देव एवं अग्रकुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन महाराज की आज सोलहवीं महाआरती महाराज अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष आईटीसी पार्क, कमला पार्क के सामने भोपाल में सम्पन्न हुई। सोलहवीं महाआरती की जजमानी मारवाडी अग्रवाल समाज ( महिला मण्डल ) टीटी नगर, भोपाल द्वारा की गई। मुकेश गोयल एवं नितिन गुप्ता ने बताया कि अग्रवाल समाज द्वारा महाराज अग्रसेन की महाआरती चेत्र नवरात्र 2024 से महीने के प्रथम रविवार को करने का संकल्प लिया गया था। जो कि निरंतर यथावत है। विनीत अग्रवाल ने बताया कि समाज के सभी अग्रबंधु जजमानी करने के लिए आतुर और उत्साहित रहते है। महाराज अग्रसेन जी की प्रतिमा पर नियमित माल्यार्पण भी किया जा रहा है। प्रतिमा के समक्ष और भी विकास कार्य किए जाने की योजना बनाई जा रही है। जिससे भगवान अग्रसेन जी महाराज के करूणामीय स्वभाव, युग पुरूष, महादानी और राम राज्य के समर्थक के सिद्धांतों को अपने और अपने बच्चों के जीवन में उतारने में सार्थक हो। इसी श्रृंखला को यथावत रखते हुए महाआरती का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। आज की आरती में लकी ड्रा कभी आयोजन किया गया। जिसमें विनीत अग्रवाल को नितिन गुप्ता नमन कंसल्टेंसी द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

आज की महाआरती में मारवाड़ी अग्रवाल समाज की महिला अध्यक्ष मधु-गोविंद अग्रवाल, महामंत्री राम अवतार लाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, साधू भैया, गोविन्द गोयल, उषा-प्रेम अग्रवाल, अनीता-लाला अग्रवाल, नीता अग्रवाल, ममता अग्रवाल, निकिता अग्रवाल, सीता अग्रवाल, मंजूषा अग्रवाल, किरण अग्रवाल, उर्मिला अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, तृप्ति अग्रवाल, प्रमिता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, निशा गुप्ता, रमा अग्रवाल, राखी अग्रवाल, आज की महाआरती में कैलाश अग्रवाल, राजू अग्रवाल, बृजवासी संजू भैया, मुकेश गोयल, नितिन गुप्ता, विनीत अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, नरेन्द्र गुप्ता सहित अनेक अग्रबंधु उपस्थित हुए।

# सहकारिता मंत्रालय के स्थापना दिवस पर व्यवसाय विविधीकरण पर कार्यशाला हुई

**भोपाल।** अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थायें मनोज पुष्प के निर्देश पर भारत सरकार द्वारा स्थापित सहकारिता मंत्रालय के स्थापना दिवस पर व्यवसाय विविधीकरण पर कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला का आयोजन अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कालेज, कोटरा सुल्तानाबाद में किया गया। इस अवसर पर बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने कहा कि विगत वित्तीय वर्ष के दौरान वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में उत्कृष्ट व्यवसाय संवर्धन की दिशा में व्यवसाय विविधीकरण को अपनाकर नवाचार के माध्यम से बेहतर परिणाम प्राप्त किये थे। लेकिन इस वित्तीय वर्ष में भी अपेक्स बैंक व जिला बैंकों के अधिकारियों व कर्मचारियों को अथक प्रयास कर उत्कृष्ट व्यवसायिक लक्ष्य अर्जित करने के प्रयास करना होंगे व यह भी सुनिश्चित करना होगा कि आपके जिले की सभी संबंधित पैक्स पर भी बेहतर परिणाम प्राप्त करें। पीएस तिवारी, प्राचार्य ने ग्राहकों से बेहतर संबंध व सतत समन्वय बनाये रखने पर जोर दिया। केटी सज्जन, उप महाप्रबंधक ने बैंक की योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का संचालन श्री करुण यादव, प्रबंधक ने किया।




इस अवसर ट्रेनिंग कालेज के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपरोक्त अधिकारीगण के साथ सहकारिता मंत्री जी के विकअ अरुण माथुर, उप सचिव सहकारिता मनोज सिन्हा, विमल श्रीवास्तव, सदस्य, को-ऑपरेटिव ट्रिब्यूनल, केके द्विवेदी, संयुक्त आयुक्त भोपाल-नर्मदापुरम संभाग, संजय मौर्य, सचिव, वनोपज संघ, अपेक्स बैंक के विकअ व सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अरुणा दुबे, अरुण मिश्र, संजय मोहन भटनागर, अरविन्द बौद्ध, आरएम मिश्रा, अजय देवड़ा के साथ अनेक अधिकारीगण व कर्मचारी भी सम्मिलित हुए।

# निशा ने मई की सीए फाइनल परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की



**भोपाल।** निशा मालवीय ने मई 2025 की सीए फाइनल परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर पूरे भोपाल और विशेष रूप से मालवीय समाज का नाम गर्व से ऊँचा कर दिया है। निशा के दिन-रात एक कर देने वाले कठिन परिश्रम और अटूट समर्पण ने आज उनके माता-पिता का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। यह केवल एक परीक्षा की सफलता नहीं, बल्कि एक संघर्षशील यात्रा की जीत है। निशा शाहपुरा निवासी राजकुमार मालवीय एवं शकुंतला मालवीय की सुपुत्री हैं। बेटी अब बोझ नहीं, बेटी अब मान और अभिमान है, इस पंक्ति को निशा ने अपने संकल्प और उपलब्धि से साकार कर दिखाया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर उन्हें उनके जीजा जी वरुण मालवीय, दीदी नेहा मालवीय, भाई सनी मालवीय, प्यारी भांजियाँ मिहु और पिहु, जितेन मालवीय, रोहित बुंदेला एवं अन्य समाज बंधुओं द्वारा ढेरों शुभकामनाएं और हार्दिक बधाइयाँ दी जा रही हैं।

# 10वीं व 12वीं की दूसरी परीक्षा में विद्यार्थियों को मिलेंगे आठ बोनस अंक

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं व 12वीं की द्वितीय परीक्षा समाप्त हो गई है। दो जून से मूल्यांकन भी शुरू कर दिया गया है। 10वीं व 12वीं के गणित और भौतिकी के जिन प्रश्नों में गलती थी, उनमें विद्यार्थियों को आठ अंक बोनस दिए जाएंगे।




वहीं जीरो और 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों की कॉपी दोबारा चेक की जाएगी। एक और दो नंबर से किसी विषय में विशेष योग्यता या प्रथम श्रेणी की पात्रता से वंचित होने वाले परीक्षार्थियों पर भी फोकस किया जाएगा। उनकी कॉपी के हर पेज पर मिले अंकों को जोड़ने में भी विशेष सावधानी बरती जाएगी। इसके अलावा कॉपियों की चेकिंग आदर्श उत्तर के अनुसार होगी। विद्यार्थी को हर स्टेप के नंबर देने होंगे। अगर शिक्षक ने गलत कॉपी जांची तो बाद में विद्यार्थी के कॉपी में नंबर बढ़ने पर शिक्षक पर एक नंबर बढ़ने पर 100 रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। राजधानी के एक परीक्षा केंद्र पर 19 जून को 12वीं के विद्यार्थियों से 10वीं का प्रश्नपत्र हल करा लिया गया था। इस संबंध में अभी तक स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से केंद्राध्यक्ष व पर्यवेक्षक पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बता दें कि 10वीं व 12वीं की द्वितीय परीक्षा में करीब साढ़े तीन लाख विद्यार्थियों की नौ लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है।

### इन प्रश्नों में हुई है गड़बड़ी

10वीं उर्दू के प्रश्नपत्र में जिन विद्यार्थियों को उर्दू का सेट बी, सी व डी मिला था, उसके एक प्रश्न में गलती थी। सेट बी के प्रश्न क्रमांक 17 के बाद जो नोट दिया गया है, उसमें प्रश्न क्रमांक 13 एवं प्रश्न क्रमांक 14 का जबाव लिखें अंकित है। इसी प्रकार की गलती सी व डी सेट में है। इन प्रश्न को हल करने के प्रयास में विद्यार्थियों को बोनस के दो-दो अंक दिए जाएंगे। वहीं दसवीं की गणित में चारों सेट में एक प्रश्न गलत है। सेट ए के प्रश्न क्रमांक दो(छह) में गलती है। इसी प्रकार बी, सी व डी सेट है। इस प्रश्न को हल करने के प्रयास में विद्यार्थियों को बोनस के एक-एक अंक दिए जाएंगे। वहीं 12वीं के उर्दू के पेपर में बी, सी व डी सेट में गलती है। बी सेट के प्रश्न क्रमांक छह के बाद जो नोट दिया गया है, उसमें प्रश्न क्रमांक 14 अंकित है। इसी प्रकार सी व डी सेट है। इस प्रश्न को हल करने के प्रयास में बोनस के दो-दो अंक दिए जाएंगे।वहीं 12वीं भौतिकी के चारों सेट में गलती है। सेट ए के क्रमांक सात का अथवा है। इस प्रश्न को हल करने के प्रयास में छात्र को बोनस के दो-दो अंक दिए जाएंगे।

### गलत पेपर देने वाले केस में कोई निर्णय नहीं हुआ

जिन विषयों के प्रश्नपत्रों में त्रुटि पाई गई है, उन्हें बोनस अंक देना तय किया गया है। अभी गलत प्रश्नपत्र देने वाले मामले में कोई निर्णय नहीं हुआ है।

**केडी त्रिपाठी**, सचिव, माशिम

### भोपाल जोन में जोन स्तरीय विशाल निरंकारी महिला संत समागम का आयोजन

# नारी शक्ति का समाज और देश को महत्वपूर्ण योगदान-शिखा ढींगरा

**संत हिरदाराम नगर।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के पावन आशीर्वाद से निरंकारी मिशन के जोन भोपाल 24 ए, की ब्रांच में शनिवार को कानपुर उत्तर प्रदेश से पधारी शिखा ढींगरा की उपस्थिति में विशाल निरंकारी महिला संत समागम संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूरे भोपाल जोन से हजारों की संख्या में श्रद्धालु महिला संत समागम में पहुंची और इसका भरपूर आनंद प्राप्त किया। समागम के दौरान विभिन्न श्रद्धालुओं ने गीत, संगीत, कविता, विचार आदि के माध्यम से सतगुरु माता का मानवता और प्यार मिल वर्तन का संदेश दिया। इस दौरान मंच संचालन भी महिलाओं द्वारा ही किया गया। समागम में शिखा ढींगरा ने कहा कि जहां समाज और देश को नारी शक्ति ने एक मां के रूप में, एक बहन के रूप में, एक पत्नी के रूप में, एक बेटी के रूप में परिवारों को संभाला है और समाज के अनेकों अनेक क्षेत्रों में नारी शक्ति ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वहीं राष्ट्र और देश की विभिन्न रूपों में भी विभिन्न नारियों ने सेवा की है ठीक इसी प्रकार निरंकारी मिशन भी



मातृशक्ति को हमेशा आगे करता आया है। प्रचारक शिखा ढींगरा ने कहा कि सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज अक्सर अपने प्रवचनों में कहते हैं कि भक्त कुछ क्षणों का भक्त नहीं बल्कि हर समय का भक्त होता है। संसार की दृष्टि से जो जीवन जीया जा सकता है, वह तभी धन्य है, जब मनुष्य जहाँ भी जाए, संसार उसे उसके अच्छे कर्मों के कारण पहचाने। महिला संत समागम में भोपाल जोन की भोपाल, बैरागढ़, गांधीनगर, सीहोर, नसरूल्लागंज, कायमपुर, सुल्तानपुर, इटारसी, मंडीदीप, गांधीनगर, गुना, विजयपुर, गनियारी, ब्यावरा, नजीराबाद सहित सभी ब्रांचों से महिला श्रद्धालुओं ने पहुंचकर सुंदर सुंदर भक्ति गीतों व सारगर्भित आध्यात्मिक विचारों के माध्यम से सतगुरु माता का संदेश दिया।

# एम्स में मरीजों को इलाज के साथ मिलेगा प्राकृतिक वातावरण

## बन रहा हरित और पर्यावरण-अनुकूल कैंपस

**भोपाल।** राजधानी भोपाल स्थित एम्स में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को अब अच्छे इलाज के साथ-साथ प्राकृतिक वातावरण भी उपलब्ध होगा। दरअसल एम्स में चिकित्सा, शिक्षा और शोध के साथ अब एक स्वच्छ, हरित और पर्यावरण-अनुकूल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। एम्स प्रबंधन का कहना है कि संस्थान का लक्ष्य केवल एक चिकित्सा केंद्र के रूप में कार्य करना नहीं है, बल्कि समाज के समक्ष एक ऐसे ÷ग्रीन कैंपस÷ का आदर्श प्रस्तुत करना भी है, जो सतत विकास और पर्यावरणीय चेतना का प्रतीक हो।



**कई स्थाई गतिविधियां नियमित रूप से संचालित:** इसी उद्देश्य के तहत एम्स भोपाल परिसर में वृक्षारोपण, कचरा प्रबंधन, सौर ऊर्जा पैनल की स्थापना और ऊर्जा दक्षता जैसे कई स्थाई गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। इन पहलों में संस्थान के विभिन्न विभागों, अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही है। परिसर को हरा-भरा और स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी स्तरों पर प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है।

### हरित वातावरण का निर्माण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता

एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रो. ( डॉ. ) अजय सिंह ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और हरित वातावरण का निर्माण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। एम्स भोपाल न केवल चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार के लिए जाना जाता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारी को गंभीरता से निभा रहा है। हमारा प्रयास है कि एम्स भोपाल का परिसर रोगियों, आगंतुकों और कर्मचारियों के लिए एक स्वास्थ्यवर्धक वातावरण प्रदान करे और पर्यावरणीय चेतना के क्षेत्र में समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत बने। प्रो. सिंह ने यह भी बताया कि संस्थान की टीम निरंतर पौधारोपण अभियानों, स्वच्छता गतिविधियों और ऊर्जा संरक्षण उपायों को अपनाकर कैंपस को एक ग्रीन केंपस के रूप में विकसित करने में जुटी हुई है।

# योग व्यक्ति के जीवन को सुधारने और शारीरिक, मानसिक विकास के लिये है

**महेश अग्रवाल**

आदर्श योग आध्यात्मिक केन्द्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल नें बताया कि महर्षि पातंजलि रचित योग सूत्र में योग की विशिष्ट परिभाषा है। ।। अथ योगानुशासनम् ।।1।। ।। योगस्य चित्तवृति निरोधः ।।2।। यहाँ पर सूत्र योग को जीवन जीने की कला के रूप में दर्शाता है। जिसमें योग को स्वयं पर अनुशासन स्थापित करने का मार्ग को कहा गया है। या यह कहा जा सकता है कि अपने मन को अनुशासित करने पर ही योग संभव है। दूसरी परिभाषा में महर्षि ने योग की अवस्था को शांत मन के रूप में देखा। उसी प्रकार से जैसे कि चंचल नदी को अनुशासित करने के लिये धारा को रोकना आवश्यक है जिससे झील में तरंगें न उठ सकें। जैसे-जैसे जल में हलचल कम होगी, तरंगें भी कम होती जायेगी, अंत में पूर्ण स्थिरता की अवस्था।

योग को इधर कुछ वर्षों में सिर्फ कुछ आसन और प्राणायाम की विधियों को लेकर तमाम बीमारियों को दूर करने के नुस्खें के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। इससे योग साधक के मन में भ्रांतियों ने जन्म लेकर योग को सिर्फ एक थिरैपी के रूप में पहचानने की भूल कर रहे हैं। जब कि योग व्यक्ति के जीवन को सुधारने और शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक व्यक्तित्व के समन्वित विकास के लिये है।

किसी भी साधक को सभी आसन या प्राणायाम की सभी विधियों के अभ्यास की आवश्यकता नहीं होती। बल्कि कुछ ही आसन अपने अभ्यास में साधक को दैनिक जीवन में करना चाहिये, वह अनुपात क्या हो? कितना आसन किया जाना चाहिए कितना प्राणायाम किया जाना चाहिए? कितना ध्यान का अभ्यास किया जाना चाहिए? आशय है कि योग का संश्लेषण क्या हो? योग को एक निश्चित अनुपात में किया जाना चाहिए। समन्वित योग में कर्म योग है, राज योग है, ज्ञान योग है भक्ति योग है। राज योग में हठ योग भी है। मंत्र योग है। इस सब का एक व्यक्ति के दिनचर्या में सही अनुपात क्या होना चाहिए। 70 प्रतिशत कर्म योग, 20 प्रतिशत राजयोग, हठ योग, कुण्डलिनी योग, 5 प्रतिशत ज्ञान योग हो, 5 प्रतिशत भक्ति योग हो। यही दैनिक साधना में योग का अनुपात होना चाहिए। अगर हम 70 प्रतिशत ध्यान योग, कुण्डलिनी योग तन्त्र योग करने की चेष्टा करेंगे तो नौबत पागल खाने जाने की हो सकती है। अगर 70 प्रतिशत ज्ञान योग करेंगे तो महाज्ञानी हो जायेंगे। परन्तु व्यक्तित्व के अन्य क्षेत्र में फिसड्डी साबित होंगे। अगर 70 प्रतिशत भक्ति योग करेंगे तो तुम उद्घोष करोगे कि भगवान की कृपा से माइक बोल रहा है। भगवान की कृपा से फूल लाल है या भगवान की कृपा से वर्षा नहीं हुई आज। मतलब कि हर बात में भगवान को तुम सामने ला के खड़ा करते रहोगे। यहाँ तक कि शौचालय में भी। अतिभक्ति भी ठीक नहीं है। याने कि असंतुलित जीवन हो जायेगा। हम स्थूल शरीर में हैं इसलिये अपने अभ्यास में सबसे अधिक मात्रा कर्म योग की।

योग गुरु अग्रवाल नें बताया कि दैनिक साधना के कुछ नियम है, योग के विषय में लोगों का ऐसा मत बन गया है कि योगाभ्यास प्रातःकाल में ही किया जा सकता



है और इस कारण वे साधना के व्यापक दृष्टिकोण से वंचित रह जाते हैं। साधना साध्य नहीं है, यह मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करने का एक साधन है। साधना करने के फलस्वरूप हमारा दृष्टिकोण बदल जाता है। हमारा चिन्तन स्पष्ट हो जाता है। पूरी जीवन प्रक्रिया विकसित होने लगती है। प्रातःकाल कुछ देर योग साधना करने से पूरे दिन लाभ प्राप्त होता रहता है। जागरूकता और मानसिक नियन्त्रण की उपलब्धि होती है और इसके कारण हम प्रतिक्षण प्रफुल्लित रहने लगते हैं। तब प्रत्येक स्थिति एक आसन, प्रत्येक श्वास एक प्राणायाम एवं प्रत्येक भंगिमा एक मुद्रा और प्रत्येक भावना ध्यान की एक प्रक्रिया बन जाती है।

भोजन करते समय - भोजन के समय यह सुनिश्चित कर लें कि आपकी श्वास धीमी, सहज एवं मन्द है। आपकी सजगता भोजन को मुँह में डालने के पूर्व तथा पश्चात्, दोनों समय पूरी तरह से आपके भोजन पर रहनी चाहिए।

इस तरह से आप भोजन के प्रत्येक ग्रास के मुख में प्रविष्ट होकर लार के साथ मिलने और नीचे उतरने की प्रक्रिया से उत्पन्न संवेदना का रसास्वादन कर सकेंगे। प्रत्येक ग्रास के स्वाद, ताप एवं गुणों का अनुभव करते हुए ही उसे गले से नीचे उतारा जाना चाहिए एवं भोजन के पेट में उतरने और होने वाली पाचन क्रिया का ख्याल रखना चाहिए। इसे भोजन का ध्यान कह सकते हैं। जैसे ही पेट भर जाए, भोजन करना रोक देना चाहिए। यदि इसके बाद भी आप पेट में भोजन भरना जारी रखेंगे तो आप भले ही खा लें, आपको पेट में भारीपन का अनुभव होने लगेगा। कई लोगों में यहीं से अपच की शुरूआत होती है।

योग गुरु अग्रवाल नें आसनों के बारे में बताया कि अनावश्यक रूप से लोग आसनों का सम्बन्ध शारीरिक व्यायाम वाली प्रक्रियाओं से जोड़ते हैं। आसन न तो शरीर को झटकों के साथ हिलाने के लिये हैं और न मांस पेशियों को अनावश्यक रूप से बढ़ाने के लिए हैं। शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक व्यक्तित्व में भी आसनों का विशेष महत्व है जबकि अन्य शुद्ध व्यायामों का प्रभाव केवल शरीर की मांसपेशियों एवं हड्डी पर होता है। उम्र के साथ विभिन्न अंगों की कार्य प्रणाली मंद पड़ जाती है और हड्डियों के जोड़ों की लोच समाप्त हो जाती है। मांसपेशियां भी इसी प्रकार उम्र के साथ ढीली पड़ने लगती हैं।

आसनों का वर्गीकरण :- आधुनिक जीवन में उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए आसनों को वर्गीकृत किया गया है - 1. प्रारम्भिक समूह के आसन नये साधकों, दुर्बल तथा बीमार लोगों के लिए हैं जो कठिन आसन नहीं कर सकते। यह आसन शरीर और मन के स्तर में सुधार लाकर स्वास्थ्य लाभ कराते हैं। यह आसन किसी प्रकार से उन्नत आसनों से निकृष्ट नहीं है। इस समूह में पवन मुक्तासन समूह इत्यादि हैं। 2. मध्यम आसन समूह यह आसन थोड़े कठिन हैं और यह उन लोगों के लिए हैं जो प्रारम्भिक समूह के आसन कर सकता है। जैसे सूर्य नमस्कार, वज्रासन, पीछे मुड़ने वाले आसन इत्यादि।

आसन में सावधानियाँ - 1. खाली पेट रहना :- खाना खाने के 3 से 4 घंटे तक आसन नहीं करना चाहिए। सुबह का समय इसी कारण से उपयुक्त होता है। 2. आसन के लिए कम्बल:- आसनों के लिए कम्बल को 4 पर्तो में मोड़ कर प्रयोग करें। 3. अभ्यास का समय :- खुले हवादार कमरे में आसन करें जहाँ वातावरण शांत हो। अभ्यास पंखे के नीचे या कूलर के एग्ज़ास्ट के सामने न करें जहाँ सीधी हवा आती हो। 4. अभ्यास का क्रम:-साधारणतः सर्व प्रथम आसन, फिर प्राणायाम और अंत में ध्यान के अभ्यास किये जाने चाहिए।5. आसन का अभ्यास धीरे-धीरे करें जल्द बाजी में अभ्यास नहीं किया जाना चाहिए। अभ्यास चेतना के साथ किया जाना चाहिए। पूरे शरीर के प्रति सजगता होनी चाहिए। 6. आसन करने के पहले शवासन किया जाना चाहिए। शरीर को शिथिल करके तनाव रहित करें। 7. आसन करते समय स्वास प्रस्वास का तालमेल होना चाहिए। 8. आसन करते समय आसन से प्रभावित होने वाले अंग के प्रति सजगता बना

# प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. मुखर्जी के विचार को किया है क्रियान्वित: मुख्यमंत्री

## सच्चे राष्ट्रभक्त और लोकतंत्र सेनानी थे डॉ. मुखर्जी, डॉ. मुखर्जी ने धारा 370 के विरोध के साथ ही राष्ट्र हित के अनेक मुद्दों पर निरंतर कार्य किया, एक देश एक विधान कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के योगदान का किया स्मरण






**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में धारा 370 के विरोध के साथ ही राष्ट्र हित के अनेक मुद्दों पर निरंतर कार्य किया। वे लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे सच्चे नेता थे, जिन्होंने लोकतंत्र सेनानी के रूप में कोलकाता और पश्चिम बंगाल को बचाने का कार्य भी किया। उन्होंने राष्ट्रवादी संगठन जनसंघ की स्थापना तो की ही तत्कालीन केंद्र सरकार से स्वयं को अलग करते हुए निर्दलीय रूप से निर्वाचन का निर्णय लिया। शिक्षा के क्षेत्र से सार्वजनिक क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद ऐसी अनेक चुनौतियों का उन्होंने सामना किया जो राष्ट्रभक्त ही किया करते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि डॉ.मुखर्जी ने कभी असंगत व्यवस्थाओं से समझौता नहीं किया। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम की हिंसा का उत्तर आपरेशन सिंदूर के माध्यम से दिया। स्वतंत्रता के बाद सर्वप्रथम डॉ. मुखर्जी ने ऐसी व्यवस्थाओं का विरोध किया था जो राष्ट्र हित में नहीं थीं। उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने डॉ. मुखर्जी के जीवन लक्ष्य को पूर्ण करते हुए कश्मीर से धारा 370 हटाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। इस तरह डॉ. मुखर्जी के संकल्प एक निशान, एक विधान और एक प्रधान को साकार करने का कार्य किया गया है। पूरे राष्ट्र ने एक स्वर से कश्मीर से धारा 370 हटाने का समर्थन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में संस्कृति विभाग द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 125 वी जयंती के अवसर पर में एक देश एक विधान विषय पर आयोजित वैचारिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### डॉ. मुखर्जी के विचार को प्रधानमंत्री मोदी ने किया क्रियान्वित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने संविधान के अनुच्छेद 370 का विरोध करते हुए संसद में भाषण दिया था। वे कश्मीर को विशेष दर्जा देने के प्रबल विरोधी थे। उनका मानना था कि कश्मीर हमारे लिए केवल एक भू-भाग नहीं अपितु भारत की आत्मा है। डॉ. अम्बेडकर का भी यही विचार था। डॉ. मुखर्जी का मानना था कि भारत की एकता से कोई समझौता नहीं बल्कि संकल्प है। कश्मीर के मुद्दे पर भारतीय जनसंघ ने सत्याग्रह भी किया। डॉ. मुखर्जी 11 मई 1953 को परमिट सिस्टम का उल्लंघन कर कश्मीर पहुंचे वहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और विषम परिस्थितियों में 23 जून 1953 को उनका स्वर्गवास हो गया। यह उनका बलिदान था।

### डॉ. मुखर्जी ने बताया राष्ट्र के लिए कैसी हो हमारी दृष्टि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रवासियों को यह बताया कि राष्ट्र के लिए हमारी दृष्टि कैसी होनी चाहिए। आज भारत दुनिया का बड़ा लोकतांत्रिक देश है। स्वतंत्रता के समय हुई त्रुटियों को याद रखने की आवश्यकता है। डॉ. मुखर्जी जैसे महापुरूषों के योगदान का इसलिए निरंतर स्मरण करना जरूरी है। आज प्रधानमंत्री श्री मोदी राष्ट्र के शत्रुओं को उनके घर में घुसकर मारने का हौसला रखते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम के लिए आयोजक और प्रतिभागियों, विशेष रूप से विद्यार्थियों को बधाई दी।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री राजीव कुमार पांडे ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का कश्मीर के मुद्दे पर जो योगदान है उसके बारे में अक्सर चर्चा होती है। डॉ. मुखर्जी का एक दूसरा योगदान भी इतना ही बड़ा है जिस पर कम चर्चा होती है, वह है कोलकाता और पश्चिम बंगाल के संबंध में। कोलकाता भारत का अभिन्न हिस्सा है। पूर्वोत्तर के गलियारे से क्षेत्र के सभी राज्य परस्पर जुड़े हैं। इस इलाके के अस्तित्व को बनाए रखने से पाकिस्तान का भूमि संपर्क नहीं हो सका। आज पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है। डॉ. मुखर्जी ने इन प्राथमिकताओं और राष्ट्र हित से जुड़े अति-महत्वपूर्ण विषय को समय रहते समझा और आवश्यक संघर्ष किया। इस तरह डॉ. मुखर्जी का योगदान ऐतिहासिक है। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि धरती पर बमुश्किल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसा महापुरूष पैदा होता है। डॉ. मुखर्जी नेहरू जी के मंत्रिमंडल में उद्योग मंत्री थे। नेहरू जी से मतभेदों के चलते डॉ. मुखर्जी ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। डॉ. मुखर्जी प्रखर देशभक्त थे। उन्होंने देश की अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, रविंद्र यति आदि उपस्थित थे। प्रमुख सचिव संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

# प्रदेश के 50 प्रतिशत ग्रामों को जोड़ेंगे दुग्ध नेटवर्क से: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर किसानों और पशुपालकों की आर्थिक उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के 50 प्रतिशत गांवों को दुग्ध नेटवर्क में लाने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। नई 381 दुग्ध सहकारी समितियों का गठन कर 9500 दुग्ध उत्पादकों को सहकारी डेयरी प्रणाली से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुख्यमंत्री निवास में पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश के लिए डेयरी विकास योजना को क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक संशोधन कर अधिक लाभकारी बनाने के निर्देश दिए थे। अब राज्य में दुग्ध उत्पादन की 72 प्रतिशत संभावित क्षमता को कवर करने और बाजार पहुंच को 15प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने दुग्ध संग्रहण बढ़ाने, दुधारू पशुओं की नस्ल सुधार, राष्ट्रीय डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से देशी नस्ल के पशुओं के लिए मॉडल फार्म विकसित करने, सांची ब्रांड की लोकप्रियता बढ़ाने, भोपाल दुग्ध संघ के अंतर्गत हीफर रियरिंग सेंटर की स्थापना, दुग्ध उत्पादक किसानों को खरीदे गए दूध की कीमत का समय पर भुगतान, डिजीटाइजेशन वर्क की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**दुग्ध संघों ने बढ़ाई है ढाई से छह रुपए प्रति लीटर राशि–** इस अवसर पर बताया गया कि प्रदेश के दुग्ध संघों में न सिर्फ दुग्ध संग्रहण बढ़ रहा है, बल्कि किसानों और दुग्ध उत्पादकों का हित भी सुनिश्चित हो रहा है। दुग्ध संघों में दुग्ध मूल्यों में ढाई रुपए से लेकर छह रुपए तक प्रति लीटर वृद्धि का कार्य किया है। प्रदेश में दो दुग्ध संघों जबलपुर और ग्वालियर में दुग्ध संग्रहण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जबलपुर और ग्वालियर दुग्ध संघ को दुग्ध उत्पादकों के लंबित भुगतान के लिए दो-दो करोड़ रुपए की कार्यशील पूंजी भी उपलब्ध करवाई गई है।

# राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन उज्जैन में 10 जुलाई को होगा

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव होंगे कार्यक्रम में शामिल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राष्ट्रीय मछुआ दिवस पर 10 जुलाई को राज्य स्तरीय निषाद राज सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर उज्जैन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 22.65 करोड़ रूपये की लागत के 453 स्मार्ट फिश पार्लर, 40 करोड रूपये लागत से बन रहे अत्याधुनिक अन्डर वाटर टनल सहित एक्वापार्क और 91.80 करोड़ रूपये की लागत से इंदिरा सागर जलाशय में 3060 केजेस के माध्यम से मत्स्य उत्पादन से वृद्धि एवं रोजगार सृजन का वर्चुअली भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 430 मोटर साइकिल विद आइस बॉक्स के स्वीकृति पत्र एवं 100 यूनिटस का वितरण, 396 केज के स्वीकृति पत्र का प्रदाय, फीडमील के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का प्रदाय एवं उत्कृष्ट कार्य कर रहे मछुआरों एवं मत्स्य सहकारी समितियों को पुरस्कार वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मत्स्य महासंघ के मछुआरों को 9.63 करोड रूपये के डेफरड वेजस का सिंगल क्लिक से अतंरण करने के साथ ही रायल्टी चेक प्रदाय करेंगे।

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिये ऑनलाइन आवेदन एवं नामांकन की प्रक्रिया शुरू

**भोपाल।** प्रदेश में केन्द्र सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग मंत्रालय नई दिल्ली के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिये आवेदन और नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त जिला कलेक्टर्स एवं जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। आवेदन एवं नामांकन वेब पोर्टल पर 13 जुलाई तक स्वीकार किये जायेंगे। प्रदेश में जिन शिक्षकों द्वारा 13 जुलाई तक नामांकन कर दिया जायेगा उनके अभिलेख, ऑडियो, वीडियो 15 जुलाई तक पोर्टल पर अपलोड किये जा सकेंगे।

**जिला स्तरीय चयन समिति–** शिक्षक द्वारा किये गये नामांकन की प्रथम स्तर पर स्कूटनी के लिये जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित होगी। समिति में राज्य शासन का प्रतिनिधित्व जिले के डाइट प्राचार्य और कलेक्टर द्वारा नामांकित प्रतिष्ठित शिक्षाविद् सदस्य के रूप में करेंगे।

### राज्य स्तरीय चयन समिति

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार एवं सम्मान के लिये राज्य स्तर पर भी समिति होगी। सचिव स्कूल शिक्षा विभाग अध्यक्ष होंगे। समिति के अन्य सदस्यों में केन्द्र सरकार के नामांकित प्रतिनिधि, संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के साथ आयुक्त लोक शिक्षण सदस्य सचिव के रूप में शामिल होंगे। राज्य चयन समिति द्वारा विशेष श्रेणी सहित अधिकतम 6 अनुशंसाएं केन्द्र सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर अग्रेषित की जा सकेंगी।

### समय सारणी

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार की ऑनलाइन प्रक्रिया के निष्पादन की समय सारणी निर्धारित की गई है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के ऑनलाइन आवेदन एवं नामांकन 13 जुलाई 2025 तक स्वीकार किये जायेंगे। शिक्षक द्वारा अंतिम रूप से नामांकन पूर्ण करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई तय की गई है। जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा राज्य चयन समिति के लिये ऑनलाइन पोर्टल पर 3 अनुशंसाओं को 16 जुलाई से 25 जुलाई तक भेजा जा सकेगा। राज्य चयन समिति द्वारा नेशनल ज्यूरी को शॉर्ट-लिस्टेड 6 अनुशंसाएं केन्द्र सरकार को ऑनलाइन 26 जुलाई से 4 अगस्त तक भेजी जा सकेंगी। पुरस्कार के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के बेव पोर्टल से प्राप्त किये जा सकते हैं।

# मांडू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही पर संस्था प्रभारी चिकित्सक निलंबित

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को रेबीज सहित अन्य आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि धार जिले के मांडू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रेबीज वैक्सीन नहीं मिलने की घटना पर संज्ञान लिया गया। प्रकरण की जांच कराई गई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि डॉ. सुब्रत दास की धर्मपत्नी को रेबीज वैक्सीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही उपलब्ध कराई गई थी। तथ्यों के बावजूद संस्था प्रभारी डॉ. चाँदनी डाबरोलिया द्वारा अनावश्यक देरी एवं लापरवाही बरती गई, जिसके कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इस संबंध में समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने जिलों में रेबीज वैक्सीन सहित सभी आवश्यक दवाओं की नियमित समीक्षा करें। किसी भी स्वास्थ्य संस्थान में दवाओं की कमी नहीं हो, समय से योजना अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया गंजबासोदा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**भोपाल।** भोपाल मंडल में स्थित गंजबासोदा रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण आज माननीय केंद्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर का भ्रमण कर यात्री सुविधाओं, निर्माणाधीन संरचनाओं तथा



आधुनिकीकृत यात्री प्रतीक्षालयों की स्थिति का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान माननीय मंत्री ने यात्रियों के हित में कार्यों की गति और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्टेशन का पुनर्विकास कार्य न केवल सुविधाजनक बल्कि सौंदर्यात्मक रूप से भी प्रभावशाली होना चाहिए ताकि यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव मिल सके। साथ ही, उन्होंने स्टेशन परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं दिव्यांगजन अनुकूल बनाने के निर्देश दिए।

श्री चौहान ने निर्माण कार्यों की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत गंजबासोदा स्टेशन का कायाकल्प होने से पूरे क्षेत्र को लाभ मिलेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि कार्यों की प्रगति में पारदर्शिता बनाए रखते हुए समयबद्ध रूप से निर्माण पूर्ण किया जाए।


इस अवसर पर माननीय प्रभारी मंत्री विदिशा श्री लखन पटेल, माननीय विधायक गंजबासोदा श्री हरी सिंह रघुवंशी, माननीय विधायक विदिशा श्री भूपेश टंडन, माननीय विधायक कुरवाई श्री हरी सप्रे सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं रेलवे की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया उपस्थित रहे। अपर मंडल रेल प्रबंधक ने माननीय मंत्री को कार्य की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि स्टेशन पर आधुनिक टिकट काउंटर, लिफ्ट, एस्केलेटर, विस्तारित फुट ओवर ब्रिज, बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा आकर्षक फसाड तैयार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान आम जनता में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। कई यात्रियों ने मंत्री जी से मिलकर स्टेशन विकास को लेकर अपने अनुभव साझा किए। माननीय मंत्री की यह यात्रा स्टेशन पुनर्विकास को नई दिशा प्रदान करने वाली साबित हुई, जिससे संबंधित अधिकारियों को प्रेरणा मिली और स्थानीय नागरिकों में रेलवे के प्रति विश्वास और सुदृढ़ हुआ।

### कैप्टन विक्रम बत्रा की पुण्यतिथि

# ऐसा नाम है जो शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है

**राजेश नारायण श्रीवास्तव (एड)**

**भोपाल।** कैप्टन विक्रम बत्रा, एक ऐसा नाम है जो शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। कारगिल युद्ध के दौरान दुर्गम चोटियों पर विजय पाने वाले इस जांबाज योद्धा ने न सिर्फ दुश्मनों को धूल चटाई, बल्कि अपने अदम्य साहस और नेतृत्व से देश के करोड़ों दिलों को छू लिया। हिमाचल की वादियों से उठकर तिरंगे की शान के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शेरशाह ने साबित कर दिया कि वतन से बढ़कर कुछ नहीं। 7 जुलाई को उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी और इतिहास में अमर हो गए। कैप्टन विक्रम बत्रा का जन्म 09 सितंबर 1974 को हिमाचल प्रदेश के पालमपुर के पास स्थित घुग्गर गांव में एक पंजाबी-खत्री परिवार में हुआ था। साल 1999 में जब कारगिल युद्ध छिड़ा, उस समय विक्रम बत्रा भारतीय सेना की 13 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में तैनात थे। पॉइंट 5140 पर विजय के बाद 13 जम्मू-कश्मीर राइफल्स को अगला लक्ष्य पॉइंट 4875 को कब्जे में




लेना था। 5140 पॉइंट पर जब कब्जा हुआ, कैप्टन बत्रा ने रेडियो पर एक मैसेज भेजा था, %यह दिल मांगे मोर।% इस मैसेज में आगे की पूरी रणनीति छिपी थी। यहां से अगले टारगेट पॉइंट 4875 के लिए ऑपरेशन शुरू हुआ।

**अद्भुत साहस, रणनीति और नेतृत्व**

कैप्टन विक्रम बत्रा और उनकी कंपनी को दुर्गम इलाके में दुश्मन की मजबूत चौकियों को साफ कर पॉइंट 4875 तक पहुंचने का काम सौंपा गया। विक्रम बत्रा ने अद्भुत साहस, रणनीति और नेतृत्व का परिचय देते हुए जिम्मेदारी को स्वीकार किया। कैप्टन विक्रम बत्रा ने आमने-सामने की मुठभेड़ में 5 दुश्मन सैनिकों को बेहद नजदीक से मार गिराया, जबकि वो खुद पहले से घायल थे। उन्होंने अगले दुश्मन ठिकाने की ओर बढ़ते हुए हैंड ग्रेनेड फेंके और वहां से भी दुश्मनों को खदेड़ दिया।

**पॉइंट 4875 पर झंडा फहराया**

मुश्किल हालातों में भारतीय फौज ने पॉइंट 4875 पर झंडा फहरा दिया। हालांकि इस ऑपरेशन में विक्रम बत्रा शहीद हो गए। इन सभी अभियानों में कैप्टन विक्रम बत्रा का अदम्य साहस, नेतृत्व और बलिदान अमिट छाप छोड़ गया। मरणोपरांत भारत सरकार ने कैप्टन विक्रम बत्रा को भारत के सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया। उनकी याद में पॉइंट 4875 को भी बत्रा टॉप नाम दिया गया। (साभार)

**विक्रम बत्रा को सादर नमन**



# मुख्यमंत्री की मंशानुरूप भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी और अधिक भव्य रूप में निकाली जाएगी

## श्रावण की प्रत्येक सवारी की होगी अलग-अलग थीम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप इस बार भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी और अधिक भव्य रूप में निकाली जाएगी। आगामी श्रावण-भादो-मास में भगवान श्री महाकालेश्वर की निकलने वाली सवारियों की अलग-अलग थीम होगी और पहली सवारी वैदिक उद्घोष की थीम पर होगी। सावन माह में प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित की जाएगी जिसमें प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियाँ भी होगी।

भगवान श्री महाकालेश्वर की प्रथम सवारी 14 जुलाई, द्वितीय सवारी 21 जुलाई, तृतीय सवारी 28 जुलाई, चतुर्थ सवारी 4 अगस्त, पंचम सवारी 11 अगस्त और राजसी सवारी 18 अगस्त को निकाली जाएगी। प्रथम सवारी में पालकी में श्री मनमहेश, द्वितीय सवारी में पालकी में श्री चंद्रमोलेश्वर और हाथी पर श्री मनमहेश, तृतीय सवारी में पालकी में श्री चंद्रमौलेश्वर हाथी पर श्री मनमहेश और

### पहली सवारी की थीम होगी वैदिक उद्घोष, श्रीमहाकाल महालोक में सावन माह में प्रतिदिन शाम को होगी सावन की सांस्कृतिक संध्या

गरुड़ रथ पर श्री शिव तांडव, चतुर्थ सवारी में पालकी में श्री चंद्रमोलेश्वर हाथी पर श्री मनमहेश, गरुड़ रथ पर श्री शिव तांडव और नंदी रथ पर श्री उमा महेश, पांचवी सवारी में पालकी में श्री चंद्रमौलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरुड़ रथ पर श्री शिव तांडव नंदी रथ पर श्री उमा महेश और रथ पर श्री होलकर स्टेट और राजसी सवारी में पालकी में श्री चंद्रमोलेश्वर ,हाथी पर श्री मन महेश, गरुड़ रथ पर श्री शिव तांडव नंदी रथ पर श्री उमा महेश, रथ पर श्री होलकर स्टेट और रथ पर श्री सप्तधान मुखारविंद के रूप में भगवान विराजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश अनुसार इस बार सवारियों में विशेष आयोजन किए जाएंगे। प्रत्येक सवारी की थीम अलग-अलग होगी। प्रथम सवारी वैदिक उद्घोष थीम पर निकाली जाएगी। इस दौरान रामघाट और दत्त अखाड़ा पर बटुकों द्वारा भव्य वैदिक उद्घोष किया जाएगा और बटुकों द्वारा सवारी मार्ग में वैदिक उद्घोष किया जायेगा। इसी के साथ विभिन्न जनजातियों के समूहों द्वारा भगवान श्री महाकाल की सवारी में मनमोहक प्रस्तुती दी जायेगी।

द्वितीय सवारी में लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसमें लोक नृत्य मटकी नृत्य मध्यप्रदेश, गणगौर नृत्य राजस्थान, बिहू नृत्य आसाम, भवाई नृत्य गुजरात, पुलियाट्म या टाइगर नृत्य कर्नाटक की प्रस्तुति रामघाट पर दी जाएगी। भगवान महाकालेश्वर की तीसरी सवारी में पुलिस बैंड, आर्मी बैंड, होमगार्ड बैंड और निजी बैंड के द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी।भगवान महाकालेश्वर की चतुर्थ सवारी में पर्यटन की थीम पर मांडू के महल, सांची के स्तूप, खजुराहो के शिव मंदिर, देवी अहिल्या किला महेश्वर, भीमबेटका, ग्वालियर का किला, उदयगिरि की गुफाएं, विदिशा बाग की गुफाएं, धार की झांकियां निकाली जाएंगी। भगवान श्री महाकालेश्वर की पंचम सवारी में धार्मिक थीम रहेगी जिसमें श्री कृष्ण पाथेय और प्रदेश के धार्मिक पर्यटन स्थलों व मंदिरों की झांकी निकाली जाएंगी। साथ ही सवारियों में विभिन्न जिलों के पृथक-पृथक जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। राजसी सवारी में 70 से अधिक भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण महोत्सव हर शनिवार को शाम 7-00 बजे से त्रिवेणी कला एवं पुरातत्व संग्रहालय के सभा कक्ष में आयोजित किया जाएगा।

श्री महाकाल महालोक में सावन माह में प्रतिदिन शाम को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। श्रावण महोत्सव में इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त 13 जुलाई से लेकर 16 अगस्त तक 23 दिवसों में (श्रावण महोत्सव के दिन, सवारी के दिन, नाग पंचमी और 15 अगस्त को छोड़कर) श्री महाकालेश्वर सांस्कृतिक संध्या नाम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इनकी प्रस्तुती श्री महाकाल महालोक परिसर में सप्त ऋषियों की मूर्ति के समीप शाम को 6 बजे से 8 बजे तक दी जाएगी, जिसमें देशभर से 47 कलाकार समूह प्रस्तुति देंगे। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के द्वारा सवारी मार्ग में हर 200-200 मीटर पर पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा पीए सिस्टम और कैमरे भी मंदिर समिति के द्वारा लगाये जाएंगे।

संपादकीय

# पाकिस्तान के साथ चीन से भी भारत को चुनौती


जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत के 'आपरेशन सिंदूर' की सफलता ने दुनिया को यह साफ संदेश दिया है कि सीमा पार से आतंकवाद को अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान भी अब दबी जुबान में यह स्वीकार कर रहा है कि चार दिन के सैन्य संघर्ष के दौरान भारत के लक्षित हमलों से उसे नुकसान झेलना पड़ा है। वह भी ऐसी स्थिति में जब चीन और तुर्किये न केवल कूटनीतिक, बल्कि तकनीकी और हथियारों की आपूर्ति में भी पाकिस्तान का सहयोग कर रहे थे। इस संघर्ष में चीन और तुर्किये की भूमिका पहले भी उजागर हो चुकी है, लेकिन अब भारतीय सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने खुलासा किया है कि चीन भारतीय सैन्य तैनाती की पाकिस्तान को सीधी जानकारी दे रहा था। यही नहीं, चीन ने पाकिस्तान के चेहरे का इस्तेमाल कर इस संघर्ष को अपने हथियारों के परीक्षण की प्रयोगशाला की तरह लिया। हालांकि, भारतीय सैन्य बलों की जवाबी कार्रवाई ने चीन के इस परीक्षण के नतीजों की सच्चाई भी सबके सामने ला दी है। मगर, पाकिस्तान को चीन और तुर्किये का साथ मिलने से यह बात भी साफ हो गई है कि भविष्य में भारत के लिए चुनौतियां और बढ़ेंगी, जिनसे निपटने के लिए कई मोर्चों पर तैयारी की जरूरत है। भारत दुनिया में तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है यह बात भी किसी से छिपी नहीं है कि पाकिस्तान और चीन की दोस्ती भारत की वजह से है। दरअसल, भारत दुनिया में तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है और चीन भविष्य की संभावनाओं को लेकर इससे चिंतित है। इसलिए वह कूटनीतिक तरीके से पाकिस्तान को अपने पाले में बनाए रखना चाहता है।भारत और चीन को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) विभाजित करती है और चीन यहां पर घुसपैठ की नाकाम कोशिश करता रहता है। भारतीय सेना के उप प्रमुख के मुताबिक, सात से दस मई के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तान सिर्फ सामने नजर आ रहा था, पर्दे के पीछे चीन और तुर्किये उसे हरसंभव सहायता दे रहे थे। चीन अपने उपग्रहों का उपयोग भारतीय सैन्य तैनाती की निगरानी के लिए कर रहा था। बहरहाल, रक्षा मामलों में चीन और पाकिस्तान को अलग-अलग करके देखना सही नहीं होगा। 'आपरेशन सिंदूर' के बाद यह तस्वीर साफ हो गई है कि चीन और पाकिस्तान ने अपनी रक्षा रणनीतियों में गहरा तालमेल बना लिया है। जब कभी पाकिस्तान से भारत के सैन्य टकराव की स्थिति आएगी, चीन भले ही परोक्ष रूप से, लेकिन उसमें खास भूमिका निभाएगा। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए भारत को खुद को तैयार करना होगा।

ठाकरे बंधुओं की विजयी शुरुआत यह भी है कि उद्धव और राज ठाकरे ने नई शिक्षा नीति के तहत त्रि-भाषा नीति का विरोध किया था, जिसके तहत महाराष्ट्र के प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा 1 से 5 तक) में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में शामिल किया जाता। उन्होंने इस नीति के खिलाफ मुंबई में बड़ा विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने त्रि-भाषा नीति को लागू करने से संबंधित सभी अधिसूचनाएं रद्द कर दी थीं और इसकी समीक्षा के लिए शिक्षाविद् डॉ . नरेंद्र जाधव के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया।

# 'राज' की तलाश में 'ठाकरे'



कौशल किशोर चतुर्वेदी



महाराष्ट्र में ठाकरे भाइयों के 20 साल बाद साथ आने से राज्य के राजनीतिक समीकरण बदलना तय हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष, सबकी नजर बालासाहेब ठाकरे परिवार के एक मंच पर आने के बाद यह कयास लगाने में जुटी है कि आगे क्या होगा। और यह भी सबको पता है की वर्तमान में राज और उद्धव ठाकरे अलग-अलग रहकर जो कुछ भी कर रहे थे, एक साथ आने पर महाराष्ट्र की राजनीति में दोनों मिलकर उससे बहुत कुछ बेहतर कर पाने में सफल होंगे। बात यहां मराठी मानुष की भी नहीं है पर मराठी मानुष के सम्मान और प्रतिष्ठा से अलग भी नहीं है। ठाकरे बंधुओं ने बड़ी होशियारी से स्कूलों में हिंदी भाषा को मुद्दा बनाकर अपनी एक अलग लकीर खींच दी है जो एमके स्टालिन के हिंदी विरोधी दक्षिण ब्रांड को भी आईना दिखाते हुए राष्ट्रभक्ति के रंग में भी रंगी नजर आ रही है, तो मराठी मानुष के कंधे से कंधा भी मिला रही है। ऐसे में अब एकनाथ की शिवसेना मुसीबत में है तो फडणवीस की भाजपा भी नए समीकरणों से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी।

इसीलिए सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए संजय निरुपम ने प्रतिक्रिया दी है, ÷फ्रॉम एमवीए टू टीवीएज कांग्रेस को घटाकर एक नया राजनीतिक गठबंधन बना है। पहले यह एमवीए था अर्थात महा विकास अघाड़ी। इसका नया नाम टीवीए होना चाहिए-ठाकरे विकास अघाड़ी।÷ तो निरूपम सही निष्कर्ष पर पहुंच रहे हैं कि भले ही नाम कुछ भी रहे लेकिन यह नया गठजोड़, ठाकरे बंधुओं के लिए विकास का नया अवसर तो है ही। राज ठाकर और उद्धव ठाकरे 'मराठी विजय रैली' का नेतृत्व करते एक साथ मंच पर दिखे, तो आगे महाराष्ट्र की राजनीति में संभावनाओं के नए पुख्ता समीकरणों से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। महाराष्ट्र की सियासत में शनिवार, 5 जुलाई 2025 को करीब दो दशक के बाद एक ऐसी सियासी तस्वीर सामने आई है जो एक मंच पर मौजूद ठाकरे भाईयों के एक और एक मिलकर 11 होने की बात बयां कर विरोधी दलों के नेताओं की धड़कनें बढ़ा रही है। मराठी विजय रैली में उद्धव ठाकरे ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हिंदू और हिंदुस्तान तो मंजूर है, लेकिन हम यह बर्दाश्त नहीं करेंगे कि हमारे लोगों पर जबरदस्ती हिंदी थोपी जाए। आपकी सात पीढ़ियां खत्म हो जाएंगी, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा हिंदी थोपे जाने के खिलाफ लड़ाई में उद्धव और राज ठाकरे को समर्थन दिए जाने के एक दिन बाद, उद्धव सेना ने स्पष्टीकरण जारी करके कहा कि ठाकरे बंधुओं का विरोध हिंदी के खिलाफ नहीं था बल्कि प्राइमरी तक के स्कूलों में इसे तीसरी भाषा के रूप में शामिल करने के फैसले के खिलाफ था। शिवसेना-यूबीटी के प्रवक्ता संजय राउत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा, 'दक्षिणी राज्य इस मुद्दे पर वर्षों से लड़ रहे हैं। हिंदी थोपे जाने के खिलाफ उनके रुख का मतलब है कि वे हिंदी नहीं बोलेंगे और न ही किसी को हिंदी बोलने देंगे। लेकिन महाराष्ट्र में हमारा रुख ऐसा नहीं है। हम हिंदी बोलते हैंज हमारा रुख यह है कि प्राथमिक विद्यालयों में हिंदी के लिए सख्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारी लड़ाई यहीं तक सीमित है।'

तो ठाकरे बंधुओं की विजयी शुरुआत यह भी है कि उद्धव और राज ठाकरे ने नई शिक्षा नीति के तहत त्रि-भाषा नीति का विरोध किया था, जिसके तहत महाराष्ट्र के प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा 1 से 5 तक) में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में शामिल किया जाता। उन्होंने इस नीति के खिलाफ मुंबई में बड़ा विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने त्रि-भाषा नीति को लागू करने से संबंधित सभी अधिसूचनाएं रद्द कर दी थीं और इसकी समीक्षा के लिए शिक्षाविद् डॉ. नरेंद्र जाधव के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया। उद्धव और राज ठाकरे ने सरकार के इस फैसले को अपनी और मराठी समुदाय की जीत बताया और इसका जश्न मनाने के लिए 5 जुलाई 2025 को मुंबई में एक संयुक्त मराठी विजय रैली आयोजित कर सियासी गंठजोड़ का महाआगाज कर दिया है।महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री और बीजेपी नेता आशीष शेलार ने इसे चुनावी डर से उपजा गठबंधन बताया और कहा कि दो परिवार साथ आए, यह अच्छी बात है। अब दो राजनीतिक पार्टी साथ आती हैं या नहीं, यह उन्हें तय करना है। अगर साथ आती भी हैं तो बीजेपी को कोई आपत्ति नहीं है। तो महाराष्ट्र की सियासत में ठाकरे बंधुओं का एक साथ आना ऐतिहासिक है। बाला साहेब ठाकरे के सामने परिवार से अलग होकर अपनी सियासी पारी शुरू करने वाले राज ठाकरे ने कोई भी कदम बिना सोचे विचारे आगे नहीं बढ़ाया है। राज ने अगर भाई उद्धव ठाकरे के साथ 20 साल बाद एक मंच पर साथ आना मंजूर किया है तो स्क्रिप्ट पहले से फाइनल है कि अब दोनों पार्टियों के बीच राजनीतिक गठबंधन 100 फीसदी होगा। दोनों ने लोगों के सामने 'मन की बात' कही है तो मराठी लोगों के लिए एक साथ सियासत भी जारी रखेंगे। और बाला साहब ठाकरे की शिवसेना पर कब्जा जमाने वाले एकनाथ भी अब घर वापसी कर ठाकरे परिवार के कंधे से कंधा मिला सकते हैं। राज ठाकरे के उद्धव के साथ आने के बाद अब इस संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। हालांकि ऐसा नहीं भी हुआ तब भी ठाकरे बंधुओं का गठजोड़ कमाल दिखाने में सक्षम है। यह एकजुटता ठाकरे बंधुओं के महाराष्ट्र पर राज करने की तलाश में विजयी रंग भर सकती हैज महाराष्ट्र में सियासी हलचल की वजह भी सिर्फ यही है।



जन्म दिवस विशेष

जी. के. छिब्बर

# महेंद्र सिंह धोनी क्यों सबसे अलग क्रिकेटर हैं



भारतीय क्रिकेट में अनेक महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर कपिल देव सौरव गांगुली राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर हुवे है लेकिन वो क्या बात है कि उन सब में महेंद्रसिंह धोनी को महानतम क्रिकेटर कहा जाता है महेंद्र सिंह धोनी टेस्ट क्रिकेट में 2014 में ही रिटायर हो चुके थे और टी/20 एवम वन डे से भी रिटायर हो चुके है अभी केवल आई .पी .एल खेल रहे है इस वर्ष खेलेंगे या नहीं पक्का नहीं है लेकिन उनकी लोकप्रियता आज भी बरकरार है उनके प्रशंसक भारत ही नहीं विश्व में है

क्योंकि उनके खेलने का अंदाज सबसे अनूठा था अनहोनी को होनी में बदलने का जादुई जज्बा केवल महेंद्रसिंह धोनी में ही था आज भी उनके प्रशंसक आईपीएल में केवल उनकी उपस्थिति को ही धन्य समझते है।

असाधारण व्यक्तित्व के धनी महेंद्र सिंह धोनी इसलिए विशिष्ट है क्योंकि उनके नेतृत्व में 2007 में टी/20 का 2011 का वन डे विश्व कप जिताया 2013 में चैम्पियन ट्रॉफी जीती ओर टेस्ट चैंपियन का खिताब भी महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में जीता ऐसा कमाल करने वाले पहले भारतीय कप्तान है विश्व में आई सी. सी. के चारों खिताब कोई कैप्टन नहीं जीत पाया।

यह भी उल्लेखनीय है कि आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते हुवे 10 बार फाइनल में पहुंचे और 5 बार चैंपियन बनाया। अंतिम ओवर में मैच जीतने का महारथ केवल महेंद्रसिंह धोनी में ही देखा गया और नेतृत्व क्षमता के गुण उनसे सीखे जा सकते है।

महेंद्र सिंह धोनी की अनेक पुरस्कार मिले है मेजर ध्यान चंद खेलरत्न पुरस्कार के साथ पद्म भूषण पद्म श्री भी प्राप्त हो चुके हैं 2008 ओर 2009 में आईसीसी मेन ऑफ ओ डी आई का खिताब प्राप्त किया था ओर इस वर्ष 2025 आईसीसी हॉल ऑफ फेम क्रिकेटर में शामिल किए गए है

महेंद्र सिंह धोनी को कैप्टन कुल कहा जाता है दक्षिण में थाला ओर आम जनता माही के नाम से सम्मानित करती है महेंद्र सिंग धोनी भारतीय सेना के मानद लेफ्टिनेंट कर्नल भी रहे है।

अहंकार और अहम से दूर धोनी जमीन से जुड़े व्यक्तित्व है उन्होंने अपनी प्रतिभा ओर प्रतिष्ठा पर कभी अभिमान नहीं किया वे पहले क्रिकेटर है जिनके संघर्ष ओर क्रिकेट जीवन पर फीचर फिल्म भी बन गई जिसने सुशांत सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी की सफल भूमिका निभाई थी आज महेंद्र सिंह धोनी 45 वे वर्ष में प्रवेश कर रहे है।

हार्दिक शुभकामनाएं।

# संतन को बस सीकरी से काम

श्रीकांत आप्टे

**एक थे निर्धन संत कुंभनदास। कुंभनदास की ख्याति सुन बादशाह अकबर ने उन्हें राजधानी फतेहपुर सीकरी बुलाया।अकबर के आग्रह पर संत कुंभनदास ने कहा, संतन को कहा सीकरी सो काम।卐 अकबर ने कुछ भेंट स्वीकारने का आग्रह किया तो कुंभनदास ने कहा कि यही भेंट होगी कि मुझे दुबारा सीकरी न बुलाया जाए। निर्धन कुंभनदास पैरों में पनहिया पहने पैदल ही सीकरी गये होंगे। नाथद्वारा, राजस्थान से सीकरी पैदल पहुंचने में कुंभनदास की सस्ती पनहिया टूट गई होंगी। इसीलिए कुंभनदास ने कहा कि**

**आवत जात पनहिया टूटी बिसर गयो हरिनाम। बाको मुख देखे दुख लागे ताको करन परी परनाम।**

कल एक संत सीकरी से सिधारे थे। आज एक संत सीकरी में पधारे हैं। लगा रहता है आजकल सीकरी में संतों का पधारना,सिधारना। संतों की संख्या भी अब दो-चार तक सीमित नहीं रही। डिमांड से ज्यादा सप्लाई का मामला है संतों का। कतार में खड़े संतों को गिनना शुरू करें तो कतार खत्म नहीं होगी। एक सिरे से गिनते हुए जब आप कतार के सिरे तक पहुंचेंगे तो आपको पता चलेगा कि तब एक दस-बीस और नये संत कतार में खड़े हो गये हैं।

सत्ता प्राप्ति के लिए संत इंपॉर्टेंट टूल हैं। कोतवाल, संतों के चरणों में। कोतवाल की पहरेदारी में धर्म के रक्षार्थ खूब संत सम्मेलन करो। जिसे चाहो,जैसे चाहो धमकाओ। इनका यही असली धर्म है।

हाल में प्रयाग के कुंभ में निपटे संतई के ओलंपियाड में आपने संतों के बड़े- बड़े रेवड़ और उनके जलवे देखे ही होंगे। फलाने अखाड़े के संत , ढ़िकाने अखाड़े के संत। इन अखाड़ों के बीच खूब दांव पेच और उठापटक चलती रहती है। संत हैं या पहलवान? एक बात कॉमन सबमें, मलाई की चिकनाई से चमकती गोल-मटोल काया।

नदी में सबसे पहले ये डुबकी लगाएंगे।इनके बाद जनता। पूछने का मन करता है कि संतजी, क्या केवल कुंभ के समय ही नहाते हो? जो जितना बड़ा मोह-माया जाल फैला ले वह उतना बड़ा संत। त्याग-फाग करने के लिए कौन भला संतई में उतरेगा भाईसाहब।

एक थे निर्धन संत कुंभनदास। कुंभनदास की ख्याति सुन बादशाह अकबर ने उन्हें राजधानी फतेहपुर सीकरी बुलाया।अकबर के आग्रह पर संत कुंभनदास ने कहा, ÷संतन को कहा सीकरी सो काम। अकबर ने कुछ भेंट स्वीकारने का आग्रह किया तो कुंभनदास ने कहा कि यही भेंट होगी कि मुझे दुबारा सीकरी न बुलाया जाए। निर्धन कुंभनदास पैरों में पनहिया पहने पैदल ही सीकरी गये होंगे। नाथद्वारा, राजस्थान से सीकरी पैदल पहुंचने में कुंभनदास की सस्ती पनहिया टूट गई होंगी। इसीलिए कुंभनदास ने कहा कि आवत जात पनहिया टूटी बिसर गयो हरिनाम। बाको मुख देखे दुख लागे ताको करन परी परनाम।



भाई लोग कुंभनदास की इस बात को ले उड़े और लगे आजकल के संतों पर कुंभनदास का पद चिपकाने। यह शराफत नहीं है। कुंभनदास ने संत का जीवन जिया। वे सोलहवीं सदी के संत थे। उस सदी में कोरी संतई से चल जाता होगा। सो कह दिया होगा कि सीकरी क्यों जाएं।

सारे काम सधें सीकरी में और आप संतों से पूछ रहे, संतों का सीकरी में क्या काम?जिनके सारे काम सधते हैं वे ही असली हरि हैं। उनको देखे दुख नहीं सुख मिलता है। उन्हीं हरि को प्रणाम करने से प्रसाद मिलता है। आजकल के संत ऐसे बहकावे में नहीं आते। संतों के साथ ऐसी साजिशें न करें क्योंकि आजकल संत बहुत चतुर हो गये हैं।ऐसी साजिशों में फंसते नहीं। संत धड़ल्ले से सीकरी जाते हैं। बार-बार सीकरी जाते हैं।

इक्कीसवीं सदी में संत आखिर सीकरी क्यों न जाएं? हवाई जहाज, विदेशी लक्झरी गाड़ी क्या नहीं है संतों के पास। पनहिया नहीं ब्रांडेड खड़ाऊं पहनते हैं।

सारे परमिट, लाईसेंस मिले सीकरी में, आश्रम के लिए जमीनें अलॉट हों सीकरी में,बड़े-बड़े भगत मिले सीकरी में, सप्ताह भर के प्रवचनों का ठेका मिले सीकरी में, रहने के लिए फाइवस्टार होटल और आलिशान सरकारी गेस्ट हाउस सीकरी में। संतों के

बार-बार आने,जाने की झंझट से बचने के लिए कुछ संत तो सीकरी में ही डले रहते हैं। बाकी आते-जाते रहते हैं। किसी न किसी संत का डेरा जमा ही रहता है सीकरी में, प्रवचन भी चलते ही रहते हैं। एक का डेरा उखड़ता है तो दूसरे का जम जाता है। सीकरी बहुत बड़ी है। अक्सर यहां दो-तीन संतों के डेरे एक ही समय में जमे रहते हैं। कई डिज़ाइन और वेरायटी के संत अवेलेबल रहते हैं, सीकरी के संत बाज़ार में। भक्तों को चॉइस अवेलेबल रहती है कि इस संत के पीछे भागो या उस संत के पीछे। दिल करे तो थोड़ा-थोड़ा हर संत के पीछे भाग लो। हमने आपको पहले ही बताया है और अगर नहीं बताया हो तो अब बता रहे हैं कि सीकरी में कई किस्म की सेटिंग और बजट की वेरायटी वाले संत आपको मिलेंगे।

चुनाव में टिकट मिलेगा या नहीं मिलेगा, जीतूंगा या नहीं, श्योर शॉट जीतने के उपाय,मंत्री बनूंगा या नहीं, विभाग कौन सा मिलेगा, टर्म से पहले तो पत्ता नहीं कटेगा, मुख्यमंत्री बनने के क्या चांस हैं, प्रमोशन में जो रोड़ा है वह कैसे हटेगा, लोकायुक्त का मामला कैसे सलटेगा, सीबीआई की फाइल कैसे बंद होगी, सस्पेंशन कब हटेगा, लड़का या लड़की कांपिटिटीव एक्जाम निकाल लेगा या नहीं, अनगिनत अनिश्चितताएं और तनाव। सबका तोड़ संतजी। रामपुरा सरकार हो या श्यामपुरा सरकार, बाबा, बापू सब चलेंगे, वक़्त पर जो अवेलेबल हो।

बिना प्रॉपर इन्क्वायरी के किसी भी संत के पीछे मत दौड़ जाना। दौड़ने से पहले कुछ सावधानियां बरतना होंगी। जैसे आपका काम सिंचाई विभाग में अटका है और आप दौड़ रहे हैं उस संत के पीछे जिसकी सेटिंग शिक्षा विभाग के मंत्री से है। सीकरी में छोटे और बड़े दोनों किस्म के बजट वाले संत मिलते हैं। पीछे दौड़ने से पहले संत का बजट जरूर पता कर लें वर्ना पैसा खर्चने के बाद भी न खुदा ही मिला न विसाले सनम।

संतों की वेरायटी और सावधानियां विस्तार से जानने के लिए हमारे चैनल को लाइक,शेयर और सबस्क्राइब करें। संतजी का आश्रम कहीं भी रहे लेकिन एक ब्रांच या एक्सटेंशन काउंटर संतजी सीकरी में भी रखते ही हैं। रखना पडता है। आप अपनी आवश्यकतानुसार तय करें कि संतजी के सीकरी आने का इंतज़ार करें, उनसे मिलने हेड ऑफिस जायें या ब्रांच अथवा एक्सटेंशन काउंटर को संपर्क करे। जैसा संभव हो।भगवान आपका भला करे।

6 जुलाई 1905 सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाजसेवी लक्ष्मी बाई केलकर का जन्म

# भारत राष्ट्र, समाज और सांस्कृतिक जागरण के लिये समर्पित रहीं

रमेश शर्मा

भारतीय स्वाधीनता संघर्ष की सफलता में उस भावना की भूमिका महत्वपूर्ण है जिसने समाज में स्वत्व का वोध कराया। यदि हम केवल आधुनिक संघर्ष का ही स्मरण करें तो हम पायेंगे कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती से लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डा केशव हेडगेवार तक ऐसे असंख्य हुतात्माएं हुईं हैं जिन्होंने दोहरा संघर्ष किया। एक तो भारत की स्वाधीनता संघर्ष केलिये सेनानी तैयार किये और दूसरा समाज में स्वत्व और सांस्कृतिक जागरण का अभियान चलाया। लक्ष्मीबाई केलकर ऐसी ही एक महाविभूति थीं जिनका पूरा जीवन भारत राष्ट्र, समाज और सांस्कृतिक जागरण के लिये समर्पित रहा।

लक्ष्मी बाई केलकर का जन्म 6 जुलाई 1905 को नागपुर में हुआ था। उनके पिता दातेजी लोकमान्य तिलक जी के अनुयायी थे। इस नाते परिवार में राष्ट्र और सांस्कृतिक जागरण का वातावरण था, लक्ष्मीबाई इसी के बीच बड़ी हुईं। उनके बचपन का नाम कमल दाते था लेकिन विवाह के बाद वे लक्ष्मी बाई केलकर बनीं और वर्धा आ गईं। उनका विवाह चौदह वर्ष की आयु में विदर्भ के सुप्रसिद्ध अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर से हुआ था। पुरुषोत्तम जी विदुर थे यह उनका दूसरा विवाह था। दोनों की आयु में अंतर भी था, लक्ष्मी बाई की आयु भले अभी कम थी पर वे मानसिक और बौद्धिक रूप से परिपक्व हो रहीं थीं। विवाह के बाद उन्होंने अपनी शिक्षा भी जारी रखी और पति के साथ समाजसेवा के कार्यों में भी सहभागी बनीं। यह वह काल-खंड था जब स्वाधीनता के लिये अहिसंक आँदोलन पूरे देश में प्रभावी हो रहा था। यह संयोग ही था कि लक्ष्मी बाई के मायके का दाते परिवार और ससुराल का केलकर परिवार दोनों इन गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे थे। पूरा विदर्भ मानों इन अभियानों का हिस्सा था यही कारण था कि 1923 के झंडा सत्याग्रह का सर्वाधिक प्रभाव पुणे से लेकर विदर्भ तक रहा था। यह इस आँदोलन की व्यापकता का ही प्रभाव था कि आगे चलकर गाँधी जी ने नागपुर के समीप वर्धा को अपना एक प्रमुख केन्द्र बनाया। अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर अपनी पत्नि लक्ष्मी बाई के साथ इन सभी गतिविधियों में हिस्सा लेते। गाँधीजी और तत्कालीन आंदोलनों का कितना प्रभाव इस परिवार पर था इसका अनुमान इसी बात से ही लगाया जा सकता है कि लक्ष्मी बाई ने अपने घर में एक चरखा केन्द्र स्थापित कर लिया था। वे सामाजिक जागरण के लिये तीन काम करतीं थीं। एक तो महिलाओं में चरखे के माध्यम से स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देतीं, दूसरा भारतीय वाङ्मय के उदाहरणों से सामाजिक समरसता का वातावरण बनातीं थीं और तीसरा राम चरित्र मानस के प्रवचन से साँस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों की स्थापना के संस्कार दे रहीं थीं। इसके लिये उन्होंने अपने घर में महिला कार्यकर्ताओं की टोली बनाई थी। जिसमें विशेषकर अनुसूचित समाज के बंधुओ को सहयोगी के रूप जोड़ा था। वे मानतीं थीं कि राष्ट्र की स्वायत्तता ही सर्वोपरि है। यदि राष्ट्र पराधीन है तो समाज कैसे स्वाधीन बनेगा। वे अक्सर गाँधीजी के वर्धा आश्रम भी जातीं थीं। एक बार गाँधीजी ने एक सभा में दान की आव्हान किया तो लक्ष्मीबाई केलकर ने उसी क्षण अपने गले से सोने की चैन उतारकर गाँधी जी को समर्पित कर दी थी।



उनका वैवाहिक जीवन अधिक न चल सका। 1932 मे पति का देहान्त हो गया। तब वे मात्र 27 वर्ष की ही थीं। अब उनके पास दोहरा दायित्व आ गया था। परिवार और समाज दोनों का। उनकी एक विधवा नंद भी उनके रहतीं थीं। लक्ष्मीबाई ने अपने बच्चों के साथ उन्हें भी सहेजा। लक्ष्मीबाई ने अपनी आवश्यकताएं सीमित कीं पर न बच्चों का शिक्षण रोका और न अपनी सामाजिक गतिविधियाँ कम कीं। उन्होंने अपने घर का कुछ हिस्सा किराये पर उठाया इससे भी कुछ लाभ हुआ। अपनी सामाजिक सक्रियता के चलते वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डा केशव हेडगेवार के संपर्क में आयीं। उन्होंने नमक सत्याग्रह में भी भाग हिस्सा लिया किंतु डा हेडगेवार की सलाह पर जेल नहीं गईं और बाहर रहकर सामाजिक जागरण एवं स्वतंत्रता आँदोलन के लिये टोली तैयार करने का काम यथावत रखा। यह काम वे पहले भी कर रहीं थीं जो अब और तेज कर दिया। उनके द्वारा तैयार टोलियों ने विदर्भ में चलने वाले हर आँदोलन में लिया। महिलाएं कीर्तन करते हुये प्रभात फेरी निकालतीं चरखा और खादी का संदेश देतीं थीं। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ संस्थापक डा हेडगेवार की सलाह पर वर्धा में 1936 में स्त्रियों के लिए ÷राष्ट्र सेविका समिति÷ नामक संगठन की नींव रखी। इसके लिये भारत भर की यात्रा की और संगठन के कार्य को विस्तार दिया। 1945 में राष्ट्र सेविका समिति का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ।

यह वह समय था जब देश के विभाजन वादी शक्तियां प्रबल हो रहीं थीं। अंग्रेजी सरकार का उन्हें संरक्षण था इस नाते उनकी हिंसक गतिविधियाँ बढ़ गईं थीं। विशेषकर बंगाल पंजाब और सिंध में हिन्दु समाज की महिलाओं में एक भय का वातावरण बनने लगा था।

उन्होंने महिलाओं में जाग्रति के लिये बाल मन्दिर, भजन मण्डली, योगाभ्यास केन्द्र, बालिका छात्रावास आदि अनेक प्रकल्प प्रारम्भ किये। वे राम चरित्र मानस पर बहुत सुन्दर प्रवचन देतीं थीं। जिनमें संतान के निर्माण, परिवार के निर्माण, समाज के निर्माण और सामाजिक एकत्व का संदेश होता था। वे आजीवन राष्ट्र और समाज की सेवा में लगीं रहीं। वे शरीर से भले 27 नवम्बर 1978 को नश्वर शरीर छोड़कर संसार से विदा हुईं पर उनकी आभा आज भी समाज में प्रतिबिंबित हो रही है।

उनके द्वारा गठित राष्ट्र सेविका समिति राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति जागरण का प्रतीक बन गयी। जो समाज में संस्कार और पारिवारिक विमर्श का वातावरण बना रही है।

उनका संकल्प आज बृहद और वैश्विक रूप ले रहा है। उनका संकल्प और विचार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। यह भारत के इतिहास में स्त्रीशक्ति जागरण और सशक्तिकरण की बड़ी घटना थी। लक्ष्मी बाई केलकर ने महिलाओं को अनुशासित सेविका बनाने के लिए प्रशिक्षण अभियान आरंभ कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सिद्धांत, विचार एवं उद्देश्य के आधार पर नारी शाखा आरंभ की थी। वर्तमान में भारतवर्ष में राष्ट्र सेविका समिति की लगभग पाँच हजार से अधिक शाखाएं संचालित हो रहीं हैं।

समिति में एक प्रावधान लघु अवधि की पूर्णकालिक कार्यकर्ता का भी है, जिन्हें विस्तारिका कहा जाता है। यह दो वर्ष की समयावधि के लिए होता है. जिसमे स्वयंसेविका अपना पूरा समय समिति के कार्य के लिए समर्पित करती हैं। लक्ष्मी बाई केलकर ने अपने व्याख्यान में कई अवसर पर कहा है कि महिला, परिवार और राष्ट्र के लिए प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करती है। जब तक शक्ति को जागृत नहीं किया जाता तब तक परिवार समाज और राष्ट्र जाग्रत नहीं होगा।उनके द्वारा दिखाया गया मार्ग और आव्हान आज भी अनुकरणीय हैं। अब समिति द्वारा बहुमुखी कार्य भी किए जा रहे हैं। समिति के अनेक सेवा प्रकल्प प्रारंभ किये हैं, जिनमें छात्रावास, चिकित्सालय, उद्योग, भजन मंडल आदिराष्ट्र सेविका समिति का कार्य केवल भारत में ही नहीं अपितु विश्व के कई देशों में फैला हुआ है। ब्रिटेन, अमरीका, मलयेशिया, डर्बन, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका में भी समिति की स्वयंसेविकाएं सक्रिय हैं।

लक्ष्मी बाई केलकर का व्यक्तित्व और कृतित्व भारत में प्रत्येक परिवार और विशेष कर नारी शक्ति की क्षमता मेधा और प्रज्ञा शक्ति का एक अनुकरणीय उदाहरण है। जो सदैव स्मरणीय और वंदनीय है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

## लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित

**नैनपुर।** नैनपुर लगातार बारिश में जनजीवन प्रभावित नैनपुर पिछले 5 दिनों से लगातार हो रही बारिश ने जन जीवन को प्रभावित किया है बस बालाघाट जबलपुर बंद हुआ है नैनपुर में नगरीय क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 वार्ड नंबर 15 वार्ड नंबर 2 के निचले र वास क्षेत्र में पानी से परेशानी बड़ी है संस्थानों में अवकाश घोषित किया गया है प्रशासनिक अधिकारी पुलिस प्रशासन सक्रिय रहा हैचकोर एवं थावर नदी उफान पर है

## भारतीय सिंधुसभा की राष्ट्रीय परिषद में शामिल होने मुम्बई जायेंगे लालू लालवानी



छतरपुर। देश की प्रमुख सिंधी समाज की संस्था भारतीय सिंधु सभा की राष्ट्रीय परिषद की बैठक 27 28 जुलाई को मुंबई में होगी जिसमें देशभर के लोग शामिल होंगे। छतरपुर से भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष लालचंद लालवानी को भी इस बैठक में आमंत्रित किया गया है।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक घायल

**शहडोल।** शहर के वार्ड 14 में बीती रात सड़क हादसे में एक युवक को गंभीर चोट आई है। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश पिता बड़का यादव 38 वर्ष को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, इसमें युवक को गंभीर चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## राज्य कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन



**आष्टा ।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ तहसील इकाई आष्टा के अध्यक्ष महेंद्रसिंह मालवीय का आज जन्मदिन शा कन्या उ मा वि आष्टा में मनाया गया । विद्यालय में पदस्थ महेंद्र सिंह मालवीय मुख्य लिपिक के पद पर पदस्थ होने के साथ मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के तहसील के अध्यक्ष भी है । शिक्षा विभाग के सभी अधिकारीयो कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा जन्मदिन मनाया गया । इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव, धर्माधिकारी गजेंद्र शर्मा बीआरसी और संकुल प्राचार्य अजबसिंह राजपूत मॉडल के प्राचार्य भगवान सिंह राजपूत, प्राचार्य सितवत खान,राकेश प्रजापति, महेश मुंदीखेड़ी एवं अन्य सामाजिक और शिक्षा जगत के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे सभी कर्मचारियों ने श्री मालवीय को बधाई दी।

## अध्यापक संयुक्त मोर्चा छतरपुर से विनम्र अपील

बारीगढ़। मध्य प्रदेश अध्यापक संयुक्त मोर्चा जिला इकाई छतरपुर से बारीगढ़ संकुल के शिक्षक कामता प्रसाद साहू की विनम्र अपील है कि वर्तमान में स्थानांतरण नीति की ऑनलाइन प्रक्रिया को लेकर हमारे तमाम शिक्षक साथी बेहद परेशान है क्योंकि हमारे कई शिक्षक साथी स्थानांतरण के लिए पात्र होते हुए भी उनके स्थानांतरण नहीं हुए चाहे वह शिक्षक साथी पारिवारिक बीमारी को लेकर परेशान हो या पति-पत्नी समायोजन अंतर्गत परेशान हो। ऐसी स्थिति में शासन राष्टीय शिक्षा नीति के तहत उन्नत शिक्षा प्रणाली को कैसे फलीभूत कर पाएगा यह बात शासन प्रशासन समझने का प्रयास नहीं कर रहा है जिसका हमारे भाई बहन शिक्षक साथी मानसिक दबाव को जेल रहे। अस्तु मध्य प्रदेश अध्यापक संयुक्त मोर्चा जिला इकाई छतरपुर के पदाधिकारियो से विनम्र अपील है कि इस समस्या पर अविलंब विचार करते हुए अग्रिम रण नीति बनाए जाने का कष्ट करें जिससे कि हमारे शिक्षक साथी अपने पारिवारिक दायित्वों का पूर्णरूपेण निर्वहन करते हुए शासन प्रशासन की जनकल्याणकारी राष्टीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन निर्बाध रूप से कर सके।



# केंद्रीय मंत्री चौहान और प्रभारी मंत्री पटेल बासौदा में आयोजित विविध कार्यक्रमों में शामिल हुए

### बासौदा के पत्रकार भवन का लोकार्पण फीता काटकर किया, रक्तदान शिविर में भी पहुंचे, लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम में लाडली बहनों से संवाद किया

**गंज बासौदा सांध्य प्रकाश ।** केंद्रीय कृषि तथा किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मंत्री एवं विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल रविवार को बासौदा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए।

**रेलवे के उन्नयन कार्यों का जायजा लिया :** बासौदा रेल्वे स्टेशन पर उतरते ही केन्द्रीय मंत्री चौहान और जिले के प्रभारी मंत्री पटेल ने प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप गंज बासौदा रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार कार्यो को क्रियान्वयन किया जा रहा है । जिन कार्यों का केंद्रीय मंत्री एवं विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री पटेल ने संयुक्त रूप से भ्रमण कर जायजा लिया है। रेलवे स्टेशन परिसर में ही विकास कार्यों को रेखांकित करने वाली छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस दौरान स्टेशन मास्टर के द्वारा जानकारियां सांझा की गई है। उन्होंने यात्री गणों की सुविधा के लिए बनाए गए कक्षों में मौजूद यात्रीगणों से संवाद भी किया।

### पत्रकार भवन का लोकार्पण किया

वरिष्ठ पत्रकार स्व.श्री अनिल यादव की स्मृति में नवनिर्मित पत्रकार भवन के लोकार्पण एवं प्रतिमा अनावरण करके किया केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रभारी मंत्री लखन पटेल विधायक हरि सिंह रघुवंश विधायक मुकेश टंडन विधायक हरि सप्रे नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीतू देवेंद्र रघुवंशी ने गंजबासौदा के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय श्री अनिल यादव की स्मृति में नवनिर्मित पत्रकार भवन का लोकार्पण फीता काटकर किया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने इस दौरान अनिल दाऊ सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं से चर्चा कर उनका हौंसला अफजाई किया। यहां आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में बरगद का पौधा रोपित कर पेड़ लगाने व पेड़ों का संरक्षण करने का संदेश दिया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने पत्रकार भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय श्री अनिल यादव के संस्मरणों को याद किया। उन्होंने कहा कि उन्हीं की स्मृति में आज सभी के सहयोग से यह आलीशान पत्रकार भवन बनकर तैयार हुआ है स्व. अनिल जी का स्वप्न आज पूरा हुआ है। अनिल यादव से उनका जु?ाव छात्र राजनीति के दौरान हुआ था वह उनके बेहद करीब थे उन्होंने अनिल यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने राजनीति के ऊपर पत्रकारिता को स्थान दिया। वह विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते थे पर्यावरण, नदियों, खेत इत्यादि की चिंता कर उन्होंने इन सभी का संरक्षण करने का बी?ा उठाया था कोविड महामारी में भी उन्होंने जन सेवा में कोई कसर नहीं छो?ी थी। कार्यक्रम को बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी, बासौदा नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव तथा देवन्द्र यादव ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष दुबे केन्द्रीय मंत्री चौहान ने वरिष्ठ पत्रकारो को स्मृति चिन्ह व शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया है। इस अवसर पर राज्यसभा



सांसद श्रीमती माया नारोलिया, जिलाध्यक्ष महाराज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश जादौन सहित अन्य जनप्रतिनिधी गण पत्रकार बंधु व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम

मानस भवन में आयोजित लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम में भी केंद्रीय मंत्री ओर प्रभारी मंत्री शामिल हुए जनपद पंचायत बासौदा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि हर बहन को लखपति दीदी बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कार्य किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि हर बहन लखपति दीदी बनें। इसी संकल्प की पूर्ति के लिए कार्य किये जा रहे हैं, ताकि हर बहन मुस्कुराए और आर्थिक रूप से सशक्त हो। उन्होंने कहा कि अब लखपति दीदी के बाद मिलेनियम दीदी की और अग्रसर हो के आर्थिक विकास को ब?ावा देने वाले कार्य समूहो के माध्यम से संपादित हो रहे है। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री ला?ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना इत्यादि पर भी गहन प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज 55 लाख बेटियां लाडली लक्ष्मी बन चुकी हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री जी को भी बधाई देते हुए कहा कि लाडली बहनों को प्रतिमा 1250 रुपए की राशि मिल रही है जो अब 1500 होने वाली है और आगामी समय में यह राशि ब?कर 3000 होगी। केंद्रीय मंत्री चौहान ने इस दौरान लखपति दीदियों से मंच से ही संवाद कर लखपति दीदी बनने में आजीविका मिशन की क्या भूमिका रही को जाना। लखपति दीदियों ने भी किस प्रकार गतिविधियों का संचालन कर प्रतिमाह की आमदनी 10 हजार से ऊपर हुई है को विस्तार से बताया।

### रक्त दान दाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गंज बासौदा प्रवास के दौरान पुरानी मंडी में निर्माणाधीन डे? सौ बिस्तरीय जन चिकित्सालय में तैयार किए जा रहे वार्डो का भ्रमण कर निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार द्वारा सभी वार्डों में किस कक्ष में कौन सी गतिविधियां संचालित की जाएंगी से अवगत कराया। मंत्री द्वारा नवीन जन चिकित्सालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। अस्पताल निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को निर्देशित किया है कि सभी मटेरियल उच्च क्वालिटी का होना चाहिए। उन्होंने मदनबाबू पार्क वार्ड क्रमांक दस में संचालित मुख्य मंत्री संजीवनी क्लीनिक में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया और रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्त दान दाताओं को प्रशंसा स्वरूप प्रमाणपत्र प्रदान किए रक्त दान दाताओं द्वारा 88 यूनिट रक्त दान किया गया।

इस हेतु स्वास्थ विभाग की ओर से जिला चिकित्सालय विदिशा के डॉ राजेंद्र कुशवाहा एवं उनकी टीम तैनात उपस्थित रही।

## सर्वनिदान हेल्थकेयर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन, शिविर के बाद मातृ सम्मान में पौधरोपण

### विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सैकड़ों मरीजों की जांच की, पौधरोपण कर पर्यावरण और मातृ-भक्ति का संदेश दिया

**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)**–औबेदुल्लागंज सर्वनिदान हेल्थकेयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा 6 जुलाई 2025 को अपने प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। झूलेलाल धर्मशाला, महावीर कॉलोनी, औबेदुल्लागंज में आयोजित इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा शुगर, जांच की गई तथा रोगियों को मुफ्त परामर्श दिया गया जिसमे शामिल डॉ. अनीशा भारतीय, डॉ. अनुराग गौर,डॉ.विजय पाटीदार , डॉ.आशीष शर्मा, विनीत साहू , डॉ.अनिल बड़ुके, डॉ. नीरज मालवीय,डॉ. प्रतिभा मालवीय, ऋषभ जैन, सृजित जैन, डॉ.निर्जीला पचौरी आदि लोग उपस्थित रहे

शिविर के पश्चात माँ को नमन, प्रकृति को अर्पण थीम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



किया गया।प्रत्येक सहभागी ने अपनी माँ के नाम एक पौधा लगाकर मातृ सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।सर्वनिदान टीम ने बताया कि यह केवल स्वास्थ्य सेवा नहीं बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति कर्तव्यों को निभाने का प्रयास है जीवताशा फाउंडेश सचिव कार्तिक जैन ने संकल्प दिलवाया कि हर शिविर के बाद एक पौधा माँ के नाम पर अवश्य लगाये।

## नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का इटारसी में हुआ भव्य स्वागत



**सांध्य प्रकाश- इटारसी।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के इटारसी आगमन पर क्षैत्रिय विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी- कार्यकर्ताओं द्वारा फोरलेन स्थित मिडवे ट्रीट रेस्टोरेंट पर भव्य स्वागत किया गया।भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष राहुल चौरे ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर नगर के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गर्म जोशी से नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का फुल माला एवं भाजपा का गमछा पहना कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नगर भाजपा अध्यक्ष राहुल चौरे, पुरानी इटरसी मण्डल अध्यक्ष मयंक महतो, सौरभ मेहरा, अतुल शुक्ला, गोपाल शर्मा, उपनिषद दूबे,अर्जुन भोला,गौरव बड़कुर,संजय चौधरी, आशा राव,गोविंद महतो, सत्येन्द्र पाल जग्गी, हैप्पी भाटिया,मिथलेश गोस्वामी, मोनीश दमादे,अमित विश्वास,कुंदन गौर,संदीप तिवारी,विजय चौरे, वीरेंद्र यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## संगम सेवालय द्वारा सिंघाड़ी नदी के किनारे वृहद पौधरोपण अभियान

**छतरपुर।** आज संगम सेवालय के तत्वावधान में सिंघा नदी के किनारे एक वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य न केवल हरियाली को बढ़ावा देना है, बल्कि नदी क्षेत्र को स्वच्छ, हरा-भरा और सुरक्षित बनाना भी है।

इस पौधरोपण स्थल के लिए नगरपालिका छतरपुर द्वारा विशेष रूप से जाली लगाकर सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया गया है, जिस पर संगम सेवालय निरंतर पौधरोपण करेगा और उनकी देखरेख भी सुनिश्चित करेगा। आज के कार्यक्रम में नीम, कदम, आँवला, रेन ट्री और कनेर जैसे औषधीय और छायादार वृक्षों के पौधे लगाए गए। इस आयोजन में विशेष रूप से विपिन अवस्थी, श्रीमती अंजु अवस्थी, शंकरलाल सोनी, प्रकाश जैन और दिल्लाराम अहिरवार की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। साथ ही नगरपालिका छतरपुर के सब इंजीनियर नीतेश चौरसिया अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे और पौधारोपण कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। संगम सेवालय के संयोजकों ने बताया कि यह केवल



एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि ÷हरियाली ही जीवन है÷ संकल्प के साथ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। संस्था का उद्देश्य है कि सिंघा?ी नदी के पूरे किनारे को हरित पट्टी में परिवर्तित किया जाए ताकि भावी पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके।संस्था ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम से जुड़ें, एक पौधा लगाएं और उसकी देखभाल करें – क्योंकि हर पौधा, जीवन की एक नई आशा है।

### भूखे को भोजन ,प्यासे को पानी

## खाटू श्याम रसोई ने की विशेष तैयारी, नपाध्यक्ष भी है सतर्क

**सांध्य प्रकाश-इटारसी।** बरसात के मौसम में शहर में किसी क्षेत्र में जलभराव, बाढ़ या अन्य आपात स्थिति उत्पन्न होने की संभावना को देखते हुए खाटू श्याम रसोई द्वारा विशेष तैयारी कर ली गई है। रसोई संचालकों ने यह सुनिश्चित किया है कि इटारसी में कोई भी व्यक्ति भूखा न रहें। जरूरत पड़ने पर लगातार भोजन एवं राहत सामग्री पहुंचाई जाएगी।

ज्ञात हो कि खाटू श्याम रसोई विगत वर्ष से जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराने की सेवा कर रही है। आपदा की स्थिति में इस सेवा को और अधिक सक्रिय करने हेतु स्वयंसेवकों की टीम और संसाधनों की तैयारी पूरी कि गई है। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने बताया कि जहां एक ओर शासन द्वारा दीनदयाल रसोई योजना चलाई जा रही है, वहीं जनता सहयोग से संचालित खाटू श्याम रसोई भी लगातार सामाजिक सरोकार निभाते हुए किसी भी आपदा से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि सिर्फ भोजन ही नहीं, आवश्यकता पड़ने पर राहत सामग्री भी जरूरतमंदों तक पहुंचाई जाएगी।

इसी के साथ नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने भी बरसात के इस मौसम में संभावित समस्याओं को लेकर सतर्कता बनाए रखी है। उन्होंने निर्देशित किया है कि यदि शहर में कहीं भी बाढ़, जलभराव या भोजन संबंधी कोई समस्या सामने आती है, तो संबंधित विभाग तत्परता से सहायता उपलब्ध कराएं। पंकज चौरे ने कहा कि नगर पालिका की निगरानी व्यवस्था लगातार सक्रिय है और किसी भी आपात स्थिति में नगर निगम एवं समाजसेवी संस्थाएं मिलकर राहत कार्य करेंगी।

सभी नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों से अपील की गई है कि यदि कहीं कोई व्यक्ति भूखा या परेशान दिखाई दे, तो तुरंत खाटू श्याम रसोई या नगर पालिका प्रशासन से संपर्क करें, जिससे समय पर मदद पहुंचाई जा सके।

# 12 घंटे की लगातार बारिश हॉस्पिटल मे भरा पानी, टूटा कई गावों का संपर्क

**शहडोल।** प्रदेश भर मे एक्टिव मानसून के बीच शहडोल जिले मे लगातार कई दिनों से रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। बीते 12 घंटे के अंदर हुई बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया। शहर के एक्शन हॉस्पिटल के पास स्थित तालाब मे अत्याधिक जल भराव होने की स्थित मे पूरा पानी सडक मे आ गया। इससे हॉस्पिटल सहित टाइम्स पब्लिक स्कूल एवं आसपास के स्थानीय निवासियों के घरों मे घुटनो तक पानी भर गया। ठीक ऐसा ही हाल गाँधी चौक मे भी देखने मिला।यहाँ सही तरह से पानी की निकासी का इंतजाम न होने से नाले और रोड मे आये आसपास का पानी लोगो के घरों मे भर गया। इसमें कई कपड़ा व्यापारियों के दुकानों मे पानी भरने से उनका खासा नुकसान हुआ है।

**पांडवनगर बना स्विमिंग पूल:**

बारिश मे भरे पानी से लोगो को आवागमन मे दिक्कतों का सामना करना प?ा। इस बीच पांडवनगर मे भरा पानी स्थानीय छोटे-छोटे बच्चो के लिए स्विमिंग पूल बन गया। यहाँ आसपास के बच्चे भरे पानी मे तैरते और बरसात का आंनद लेते नजर आये।इस दृश्य को देखने स्थानीय लोगो सहित राहगीरों की भी? नजर आयी। कई राहगीरों ने तो इस दृश्य को अपने फोन मे कैद भी कर लिया।

**मुढना रही उफान पर**

देर रात से जारी तेज बारिश से शहर की प्रमुख नदी मुडना अपने प्रचंड रूप मे दिखाई दी। मुडना के बढे जलस्तर ने शहर से जुड़े आसपास के गावों का सीधे संपर्क तोड़ दिया। इसमें शहडोल के कल्याणपुर,पचगांव सहित उमरिया जिले के मामन, लमरो,शाहपुर, बकेली, ओदरी आदि गांव शामिल है।





**हॉस्पिटल के कई वार्डो मे भरा पानी:** लगातार बारिश ने स्वास्थ्य विभाग के साफसफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। यहाँ मेल, फीमेल सर्जिकल वार्ड सहित ऑर्थो, जनरल आदि कई वार्डो मे कई फिट तक पानी भर जाने से मरीजों को काड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि आनन फानन मे जिला चिकित्सालय की सिविल सर्जन डॉ शिल्पी शराफ ने इसकी जानकारी लगते ही मरीजों को अन्य वार्डो मे किसी तरह शिफ्ट कराया। वही वार्डो मे पानी भरने से उनकी सुरक्षा मे तैनात नर्स स्टॉफ और हॉस्पिटल कर्मचारियों को भी काड़ी परेशानी हुई। बारिश के पानी से यहाँ रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज खराब हो गए।

**स्टेशन भी बारिश से डूबा :** शहडोल रेलवे स्टेशन भी इसकी मार से प्रभावित हुआ। यहाँ प्लेटफार्म क्र 01,02 एवं 03 मे कई फिट पानी भरने से सफर करने वाले यात्रियों को दिक्कते झेलनी प?ी। स्टेशन मे भरे पानी से कई ट्रैन घंटो की देरी से पहुंची तो वही कई ट्रेनों का अनचाहा स्टॉपे? शहडोल मे कराया गया जिससे यात्री कई घंटो तक ट्रैन का इंतजार बारिश मे करते रहे।हालांकि बारिश बंद होने के बाद रेलवे ने सफाई विभाग को तैनात कर पानी निकासी की व्यवस्था करवाना शुरू कर दी थी।

**जीआरपी थाना के दस्तावेज पानी मे डूबे:** बरसात का पानी भरने से जीआरपी थाना के महत्वपूर्ण दस्तावेज पानी मे डूब गए। स्थानीय लोगो के अनुसार थाना मे रखे कंप्यूटर भी पानी के जद मे आने से खराब हो गए।इससे शाशकीय कार्यो मे भी बड़ा आई है।

**फिर हाउसिंग बोर्ड मे भरा पानी:** बीते वर्ष से हाउसिंग बोर्ड मे लगातार नपा के निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगो को का?ी दिक्कतों का सामना करना प? रहा है।बारिश मे लोगो के घरों मे कमर तक पानी भरने से उन्हें अच्छा खासा नुकसान झेलना प? रहा है।इसे लेकर नपा ने पानी निकासी के लिए नए निर्माण कार्य से सुधार की बात कही लेकिन लगातार बारिश से फिर हालत वैसे ही नजर आए। यहाँ के स्थानीय निवासी गणेश केवट के घर मे रोड और नाली का पानी सीधे उनके घर मे घुस गया। इससे उनके घर मे रखा अनाज सहित घर की उपयोगी सामग्री का भी नुकसान हुआ। ऐसी ही स्थित वार्ड के कई घरों मे निर्मित हुई। बारिश से हुए क्षति को लेकर लोग नपा टीम के सामने विरोध करते नजर आए।

**सोहागपुर मे भी बारिश बनी आफत**

बारिश मे सोहागपुर के लोगो को भी ड्रीने सिस्टम खराब होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहाँ के कई घरों मे बरसात का पानी भरने से लोगो के दैनिक कार्य प्रभावित हुए। स्थानीय लोगो की माने तो यहाँ स्वयं नपा अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल का निवास और क्षेत्र होने के बावजूद नालियों का साफ सफाई न होना वार्डोवासियों के लिए मुसीबत बन गया है। लोगो का कहना है हमने कई बार इस विषय पर व्यक्तिगत मिलकर इसकी जानकारी नपा अध्यक्ष को दी लेकिन उनके नजरअंदाज करने का असर है

**पोंडा नाला मे फसी कार:** बारिश मे बढे जलस्तर से शहडोल डिंडोरी मार्ग पूर्णतः बाधित रहा। इस बीच शहडोल के पोंडा नाला मे एक कार बुरी तरह से फस गयी। स्थानीय लोगो की माने तो घरौला मोहला निवासी एक परिवार जैसे ही पोंडा नाला के पास पहुंचे, उनकी कार एक गड्ढे में फंस गई और नाले के ऊपर से बह रहे पानी के तेज बहाव में बहने लगी। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने जान की परवाह किए बिना पानी में उतरकर सभी को रेस्क्यू किया। इस साहसिक बचाव अभियान में ग्रामीणों ने रस्सियों और लकड़ियों की मदद से सभी को बाहर निकाला। घटना के बाद चारों घायलों को शहडोल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।गौरतलब है जिले भर मे चल रहे सीवर लाइन प्रोजेक्ट कार्य को आज कई वर्ष बीत चुके है बावजूद निर्माण कार्य आज तक अधूरा है।

## दीवार गिरने से महिला गंभीर रूप से घायल

**शहडोल।** जिले मे गोहपारू के ग्राम पैलवाह में दीवार गिरने से एक महिला को गंभीर चोट आई है। महिला को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रामबाई केवट पति दीनबंधु 55 वर्ष निवासी पैलवाह शुक्रवार की दोपहर घर में काम करने के दौरान उसके ऊपर मिट्टी की दीवार गिर गई। हादसे में महिला के शरीर में गंभीर चोट आई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने प्राथमीकी दर्ज करा जांच शुरू कर दी है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर जिला विदिशा (म.प्र.)**

0192/अपील/2024-25/ 516 /02.06/2025

संतोष यादव पुत्र श्री ब्रजमोहन यादव, जितेन्द्र यादव पुत्र श्री ब्रजमोहन यादव, सीताबाई पुत्री श्री ब्रजमोहन यादव, सुशीला बाई वैवा श्री ब्रजमोहन यादव समस्त निवासीगण ग्राम बेरखेड़ी घाट तहसील शमशाबाद जिला विदिशा.................. ......अपीलान्ट्स

**विरुद्ध**

पुरुषोत्तम शर्मा पुत्र श्री भैयालाल शर्मा, प्रदीप शर्मा पुत्र श्री कृष्णकांत शर्मा निवासीगण ग्राम चौपड़ा कला तहसील हुजुर जिला भोपाल..................रिस्पांडेट

**विज्ञप्ति (सूचना प्रकाशन)**


एतद द्वारा रिस्पांडेट पुरुषोत्तम शर्मा पुत्र श्री भैयालाल शर्मा, प्रदीप शर्मा पुत्र श्री कृष्णकांत शर्मा निवासीगण ग्राम चौपड़ा कलां तहसील हुजुर जिला भोपाल को सूचित किया जाता है कि, अपीलान्ट्स द्वारा अनुविभागीय अधिकारी, अनुविभाग शमशाबाद जिला विदिशा का प्र.क्र. 14/3-6 (अ)/2024-25 में पारित आदेश दिनांक 19/11/2024 के विरुद्ध इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की है। इस अपील प्रकरण की सुनवाई तारीख 17/06/2025 को न्यायालय अपर कलेक्टर, कक्ष क्रमांक 204, कंपोजिट भवन, स्वामी विवेकानंद चौराहा विदिशा पर होगी। निश्चित तारीख को रिस्पांडेट स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होवे । नियत तिथि पर अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुहर से आज दिनांक 07.07. 2025 को जारी किया गया ।

**अपर कलेक्टर
जिला विदिशा म.प्र.**

# आज से समर्थन मूल्य पर मूंग-उड़द की खरीदी शुरू, ये हैं रेट- ऐसी रहेगी पूरी व्यवस्था

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के किसानों के लिए जरूरी खबर है। ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिये पंजीयन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। मूंग के लिए 30 जून तक 2 लाख 94 हजार तथा उड़द के लिए 11 हजार 495 किसानों का पंजीयन कराया। 7 जुलाई से मूंग उड़द का उपार्जन किया जाएगा, जो 6 अगस्त तक चलेगा। इस बार मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8682 रूपये प्रति क्विंटल और उड़द का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7400 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मूंग उपार्जन के लिए 3.51 लाख मैट्रिक टन और उड़द उपार्जन के लिए 1.23 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित है।



इन जिलों में होगी मूंग-उड़द की खरीदी

नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, रायसेन, हरदा, सीहोर, जबलपुर, देवास, सागर, गुना, खंडवा, खरगोन, कटनी, दमोह, विदिशा, बड़वानी, मुरैना, बैतूल, श्योपुर, भिंड, भोपाल, सिवनी, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, छतरपुर, उमरिया, धार, राजगढ़, मंडला, शिवपुरी, अशोकनगर, इंदौर, बालाघाट, सतना, उड़द ~ जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, दमोह, छिंदवाड़ा, पन्ना, मंडला, उमरिया, सिवनी, बालाघाट जिलों में मूंग की खरीदी की जाएगी।

**मई-जून में की जाती है फसल की कटाई:** बता दे कि प्रदेश के 36 जिलों में मई माह के तृतीय सप्ताह से जून माह के प्रथम सप्ताह तक मूंग फसल कटाई और प्रदेश के 13 जिलों में मई माह के तृतीय सप्ताह से जून माह के प्रथम सप्ताह तक उड़द फसल की कटाई की जाती है। प्रदेश में मूंग का संभावित क्षेत्राच्छादन 14.35 लाख हेक्टेयर, संभावित उत्पादन 20.23 लाख मीट्रिक टन है। इसी प्रकार उड़द का संभावित क्षेत्राच्छादन 0.95 लाख हेक्टेयर, संभावित उत्पादन 1.24 लाख मीट्रिक टन है।

**ऐसी रहेगी पूरी व्यवस्था:** -न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जाने वाली मूंग एवं उड़द के लिये संबंधित किसानों को पंजीयन के लिये किसान की फसल का नाम, आधार नंबर, बैंक खाता नंबर, आईएफसी कोड सहित भूअधिकार ऋष्ण पुस्तिका की स्व-प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगी। बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा का होना अनिवार्य है। सिकमी/बटाई काश्तकार को पंजीयन के लिये आवेदन के साथ सिकमी के अनुबंध की स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न करना होगी।

-भुगतान के लिये कम्प्यूटराईज प्रिंटेड रसीर उपार्जन करने वाली संस्था द्वारा प्रदाय की जायेगी जिसमें किसान का नाम, बैंक खाता क्रमांक तथा भुगतान योग्य राशि का विवरण होगा।इस रसीद पर उपार्जन केन्द्र प्रभारी के हस्ताक्षर भी किये जायेंगे।

-ग्रीष्मकालीन मूंग-उड़द के उपार्जन करने की जिम्मेदारी संबंधित उपार्जन करने वाली सहकारी संस्थाओं की होगी।

-उपार्जन केन्द्र से गोदाम तक मूंग-उड़द परिवहन करने के लिये परिवहनकर्ताओं की नियुक्ति एवं अनुबंध की कार्रवाई की जायेगी।

-उपार्जन केन्द्र पर प्रतिदिन उपार्जन मात्रा की समीक्षा भी होगी। ई-उपार्जन साफ्टवेयर के माध्यम से ग्रीष्मकालीन मूंग-उड़द के परिवहन के लिये जारी रसीद पर परिवहनकर्ता की प्राप्ति कर उसे मूंग-उड़द सौंपा जायेगा।

-किसी कारणों से एजेंसियों द्वारा नियुक्त परिवहनकर्ता परिवहन करने में विफल होता है तो वैकल्पिक व्यवस्था जिला स्तरीय समितियों द्वारा की जायेगी।

-परिवहनकर्ता द्वारा विलम्ब से परिवहन करने पर उसके विरूद्ध नियमानुसार उपार्जन एजेंसियों द्वारा पेनल्टी लगाई जायेगी।

-उपार्जन केन्द्र पर एक बैनर लगाया जायेगा, जिसमें केन्द्र का नाम, एफएक्यू गुणवत्ता का मापदण्ड और भुगतान का उल्लेख होगा।

-जिन उपार्जन केन्द्रों पर अत्यधिक खरीदी की संभावना होगी, उन केन्द्रों पर अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था की जायेगी।

-निर्धारित केन्द्रों पर लैपटॉप, प्रिन्टर, बैटरी आदि को चालू अवस्था में रखा जायेगा।

# डोनाल्ड ट्रंप ने साइन की टैरिफ की चिट्ठी, आज होगी जारी, क्या भारत से हो पाएगी ट्रेड डील



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने 12 देशों से एक्सपोर्ट पर प्रस्तावित टैरिफ लेवल्स वाले लेटर्स साइन किये हैं। ये लेटर सोमवार को इन देशों को भेज दिये जाएंगे। उन्होंने कहा कि ये ऑफर्स नॉन-नेगोशिएबल होंगे। अमेरिकी ट्रेडिंग पार्टनर्स के साथ यह टेक इट आर लीव इट वाला प्रस्ताव है। रिपोर्टर्स के साथ बात करते हुए ट्रंप ने उन देशों का नाम बताने से मना कर दिया जिन्हें ये लेटर भेजे जाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि उनके नाम सोमवार को जारी किये जाएंगे। उन्होंने रिपोटर्स से कहा, मैंने कुछ लेटर्स साइन किये हैं और वे सोमवार को जारी होंगे। ये संभवतया 12 हैं। डिफरेंट अमाउंट्स ऑफ मनी, डिफरेंट अमाउंट ऑफ टैरिफ। इस हफ्ते के शुरुआत में ट्रंप ने संकेत दिया था कि लेटर्स का पहला बैच शुक्रवार को जारी किया जाएगा। लेकिन इस दिन अमेरिका में राष्ट्रीय अवकाश था, इसलिए समय को बदल दिया गया है। अब ये सोमवार को जारी होंगे।

## मिनी-व्यापार सौदे पर ले सकते हैं अंतिम निर्णय

अमेरिकी रिपोर्ट्स के मुताबिक इंडिया और यूएस अगले 24 से 48 घंटों के भीतर मिनी-व्यापार सौदे अंतिम निर्णय ले सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच होने वाली मिनी ट्रेड डील की खबरों के बीच अमेरिका के ट्रैजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने अन्य देशों के साथ अमेरिकी ट्रेड डील के बारे में बात की। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने शुरुआत में उच्च दरों के टैरिफ लगाने के बाद देशों को 9 जुलाई तक के लिए राहत दी थी। डेडलाइन के आने के पहले हम कई देशों के साथ व्यापार समझौते के करीब पहुंच गए हैं। आने वाले दिनों में आपको कई बड़ी घोषणाएं सुनने को मिलेंगी। बेसेंट ने कहा, बड़े देशों के अलावा ट्रंप प्रशासन उन छोटे 100 देशों को भी टैरिफ से जुड़े पत्र भेजेगा, जिनके साथ अमेरिका का ज्यादा व्यापार नहीं है। हम उन्हें यह बताएंगे कि निर्धारित उच्च टैरिफ्स का सामना करना पड़ेगा। बेसेंट ने कहा, हमारे बड़े व्यापारिक साझेदारों को राष्ट्रपति ट्रंप पत्र लिखकर यह समझाएंगे कि अगर आप अमेरिकी हितों को ध्यान में रखकर चीजों पर आगे नहीं बढ़ते हैं तो फिर 1 अगस्त से लगने वाले टैरिफ भी 2 अप्रैल के टैरिफ वाले स्तर पर पहुंच जाएंगे।

## प्राइम डे से पहले अमेजन ब्यूटीवर्स 2025 में सौंदर्य प्रेमियों का संगम

**मुंबई।** अमेजन इंडिया ने आज मुंबई को सौंदर्य नवाचार का केंद्र बना दिया, जहां अमेजन ब्यूटीवर्स के दूसरे एडिशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मेबेलिन द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जिसमें बेला वीटा, विशकेयर और एक्सिस-वाई सहयोगी ब्रांड्स के रूप में शामिल थे। प्राइम डे 2025 (12 से 14 जुलाई) से पहले आयोजित इस विशेष इनवाइट-ओनली इवेंट में 600 से अधिक ब्यूटी प्रेमियों को एक ही छत के नीचे आमंत्रित किया गया, जहां उन्हें विभिन्न वर्कशॉप्स और इंटरएक्टिव सत्रों के जरिए एक शानदार सौंदर्य अनुभव प्राप्त हुआ। इस इवेंट की शोभा बढ़ाई बॉलीवुड की नामचीन हस्तियों, भूमि पेडनेकर, नीना गुप्ता, कृति सेनन और सुशांत दिवगिकर आदि ने। इनके साथ-साथ अमेजन प्राइम सदस्य, कंटेंट क्रिएटर्स और सौंदर्य उद्योग से जुड़े अग्रणी विशेषज्ञ भी शामिल हुए।इस दौरान उपस्थित लोगों को हाइफन, सेरा वी, लेनीज, टीएफआईटी, मिलानी, रियल टेक्नीक्स, नॉटिका फॉर हर, लामेल और अन्य प्रमुख ब्यूटी ब्रांड्स के नए प्रोडक्ट लॉन्च की पहली झलक भी देखने को मिली। अमेजन ब्यूटी इंडिया के डायरेक्टर सिद्धार्थ भगत ने कहा, ÷हम अमेजन ब्यूटीवर्स 2025 को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं, यह एक विशेष आयोजन है जो प्राइम सदस्यों और अमेजन इन्फ्लुएंसर्स के लिए सौंदर्य की खोज के अनुभव को नए रूप में प्रस्तुत करता है।

## अमेज़न.इन पर प्राइम डे के दौरान अपने घर, रसोई और आउटडोर जीवनशैली को करें तरोताज़ा

**अमेज़न।** .इन एक बार फिर लेकर आया है अपना नौवां प्राइम डे, जो 12 जुलाई से 14 जुलाई 2025 तक चलेगा। अपने घर को दीजिए एक नया लुक, टॉप ब्रांड्स जैसे हार्ले डेविडसन, यूरेका, बॉश और अन्य के होम, किचन और आउटडोर प्रोडक्ट्स के नए लॉन्च के साथ। स्मार्ट होम सोल्यूशन्स और मोटरबाइक्स से लेकर फर्नीचर तक, ग्राहक आईसीआईसीआई और एसबीआई बैंक ट्रांजैक्शन्स पर 10प्रतिशत का इंस्टेंट डिस्काउंट भी प्राप्त कर सकते हैं।मोटरबाइक्स और आउटडोर्स से जुड़े टॉप ब्रांड्स के नए लॉन्च एक्सप्लोर करें~कैंबियो बाय एवन~चाहे आप शहर की सड़कों पर क्रूज़ कर रहे हों या ट्रेल के लिए ट्रेनिंग, कैंबियो की हाई-परफॉर्मेंस साइकिलें और गियर मजबूती, सटीकता और स्टाइल का बेहतरीन मेल हैं।

## इस प्राइम डे, अमेजन फैशन और ब्यूटी के साथ हर लम्हा बनाएं खास और स्टाइलिश

**बेंगलुरु।** प्राइम डे एक बार फफर वापस आ गयाँ, और इस बार यि पिले से भी बडा, बेंतिर और ज्यादा फैशनेबलाँ ! 12 जुलाई से 14 जुलाई तक, अमेजन प्राइम मेंबसब को समलेगा 72 घंटे तक फैशन और ब्यूटी की लगातार खोज का मौका। अब फैशन फोमो निंीं, यिाँ वि पल जब आप अपनी वॉडबरोब को ररफ्रेश करें, ब्यूटी कैबबनेट को फफर से भरें और रि हदन को एक स्टाइल स्टेटमेंट बनाएं। चाीं आप ट्रेंड्स के पीछे भागतेीं, समझदारी से खरीदारी करने वालेीं या बेंतिरीन डील्स के शौकीनीं, अमेजन फैशन और ब्यूटी में रि फकसी के सलए कुछ न कुछ खासाँ। यिां समलेगा आपको ढेरों ववकल्प, बेंतिरीन कीमतें, तेज डडलीवरी और आसान ररटनब जैसी सुववधा। ग्राकि यिां कैरटलेन, लैवी ससग्नेचर, अबबन जंगल, ससंबॉल प्रीसमयम, टाइटन रागा जैसे टॉप बंड्स से नए स्टाइल्स, प्रीसमयम एक्टसेसरीज़, ट्रेंडडंग लुक्टस और नए रोमांचक प्रोडक्टट लॉन्च का भी आनंद ले सकतोँ। इस साल प्राइम डे पर गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी की खास नई रेंज भी लॉन्चाी रिाँ, जजसमें कैरटलेन जैसे बंड्स के नाजुक स्टैकेबल्स और रोज़ाना पिनने लायक शानदार डडज़ाइन्स शासमलाँ। मॉनसून शॉवपंग को और आसान बनाने के सलए एक खास ÷मॉनसून स्टोर÷ भी तैयार फकया गया

## पटना में सनातन महाकुंभ में बोले पंडित धीरेंद्र शास्त्री- अगर हमारे धर्म पर हमला हुआ, तो हम देंगे जवाब

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में रविवार को सनातन महाकुम्भ का आयोजन हुआ। आचार्य धीरेंद्र शास्त्री भी कार्यक्रम में शामिल हुए। शास्त्री ने कहा, ÷बिहार पहला राज्य होगा जो हिंदू राष्ट्र बनेगा। उन्होंने यह भी कहा, पटना दोबारा आना था, पिछली बार सुरक्षा कारणों से अनुमति नहीं मिली थी।÷ शास्त्री ने आगे कहा, सनातन का मतलब है पूरे विश्व का गुरु। हम सब हिंदू एक हैं।÷महाकुंभ के मंच से बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने दावा किया कि हिंदू राष्ट्र की नींव बिहार से रखी जाएगी। उन्होंने कहा, अगर हमारे धर्म पर हमला होगा, तो हम प्रतिघात करेंगे। भगवा गजवा-ए-हिंद की शुरुआत बिहार से होगी। शास्त्री का यह बयान बिहार विधानसभा चुनाव के संदर्भ में नई राजनीतिक दिशा का संकेत दे रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह धर्म के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि राम नीति को फैलाने आए हैं।धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि वर्तमान में भाषा और क्षेत्रवाद की लड़ाई चल रही है, लेकिन हिंदुओं को बंटने नहीं देना है। उन्होंने कहा, कुछ ताकतें गजवा-ए-हिंद बनाना चाहती हैं, लेकिन हमारा सपना भगवा-ए-हिंद होना चाहिए। शास्त्री ने यह भी कहा, हमें विरोधियों से कोई दिक्कत नहीं है, हमें उन हिंदुओं से दिक्कत है जो जाति के नाम पर लड़ाते हैं। हम किसी पालकी के नहीं हैं, जहां-जहां हिंदू हैं, हम वहीं हैं। इस कार्यक्रम में स्वामी रामभद्राचार्य भी शामिल हुए। उन्होंने कहा, जहां देखो वहां तनाव बढ़ता जा रहा है, लेकिन डरने की जरूरत नहीं है। हमें निर्भय होकर अखंड हिंदू धर्म के पथ पर चलते रहना चाहिए।स्वामी ने यह भी कहा, वह भारत में राज करेगा जो वंदे मातरम कहेगा। जैसे राम मंदिर बना, वैसे ही सीतामढ़ी में सीता मंदिर बनेगा।



### जन्मजयंती पर डॉ मुखर्जी को किया नमन

## अखंड भारत के लिए डॉ मुखर्जी का बलिदान अतुलनीय है : विवेक चंद्रवंशी




**जुन्नारदेव –** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मजयंती भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव ने शहर के पुराने बस स्टॉप पर प्रतिष्ठित डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा ओर उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण ओर पूजन कर मनाया। इस दौरान भाजपा नेता राजेश श्रीवास्तव ने डॉ मुखर्जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भारत मां का सच्चा सपूत बताया,नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने डॉ मुखर्जी से प्रेरणा लेकर देश की अखंडता बनाए

रखने के लिए सर्वस्व न्योछावर करने की बात कही।भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने डॉ मुखर्जी के द्वारा अखण्ड भारत के लिए दिए बलिदान अतुलनीय बताते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर सेन,विष्णु शर्मा,मंडल महामंत्री अनिरुद्ध चटर्जी,सीपी शर्मा, राजेंद्र सूर्यवंशी, अमित यादव, प्रमोद बंदेवार, नितिन स्वामीनानी,विशेष चौरसिया, नितेश राजपूत, शरद कुरोलिया, राजेश कौशल,जितेंद्र माहोरे, ए.एस चौहान, राजेंद्र यादव,रोहित मिश्रा,बंटी सरदार, भूपेंद्र साहू, अभिषेक पारे, अभिषेक चौरसिया, धन्नू नामदेव, सीमा पवार,विपिन बिन्दवारी, कपिल शुक्ला, बलिराम साहू, मयंक साहू,सहित भाजपा के नेता,पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि सहित भाजपा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बालाघाट, उमरिया, मंडला समेत इन जिलों में बंद रहेंगे स्कूल, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में भारी बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। इसके चलते कई जिलों में स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। उमरिया में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मध्यप्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। बारिश के चलते कई जिलों में स्कूलों और अन्य सरकारी संस्थानों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है।

जबलपुर में 7 और 8 जुलाई को स्कूलों में छुट्टी जबलपुर में भारी बारिश के कारण हालात खराब हो गए हैं। बरगी डैम के नौ गेट खोलने के बाद जलस्तर में वृद्धि हो गई, जिससे शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। कलेक्टर ने छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 7 और 8 जुलाई को सभी स्कूलों में छुट्टी का आदेश जारी किया है। प्रशासन ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

दमोह में भी बारिश के कारण सोमवार 7 जुलाई को सभी सरकारी और निजी स्कूलों, कॉलेजों और आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टी की घोषणा की गई है। कलेक्टर ने इस आदेश के तहत शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को स्कूलों में उपस्थित रहने के लिए कहा है, जबकि विद्यार्थियों के लिए अवकाश रहेगा।



जबलपुर और बालाघाट में 7-8 और दमोह में 7 जुलाई को स्कूल बंद रहेंगे, कलेक्टर ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी किए हैं।

उमरिया में रेड अलर्ट जारी किया गया है और 7-8 जुलाई को स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है। मंडला जिले में 7 से 10 जुलाई तक आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टी की घोषणा की गई है।

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में और बारिश की संभावना जताई है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जबलपुर, दमोह, उमरिया, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी, कटनी उमरिया जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते रेड अलर्ट जारी किया गया है। कलेक्टर ने 7 और 8 जुलाई को जिले के सभी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है। यहाँ पर भी नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ चुका है, जिससे इलाके में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है।मंडला में 7 जुलाई से 10 जुलाई तक आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टियाँ घोषित की गई हैं।

भारी बारिश के कारण बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। कलेक्टर ने इस आदेश को लागू करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं में भी छुट्टी: बालाघाट में भी कलेक्टर ने 7 और 8 जुलाई को जिले के सभी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है। डिंडौरी में भारी वर्षा के चलते 7 जुलाई को स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित इसके अलावा कटनी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने भी जिले में स्थित सभी आंगनवाड़ी केंद्रों , सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में बच्चों के लिए सोमवार सात जुलाई को अवकाश घोषित कर दिया गया है।

### भारी बारिश से प्रभावित जिलों की स्थिति

मध्यप्रदेश में भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़कें जलमग्न हैं और कई जगहों पर घरों में पानी घुस चुका है। नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक और भारी बारिश की संभावना जताई है।

## कृषि महाविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत लाने की कवायद

**सिरोंज।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने आज गंजबासौदा प्रवास के दौरान कृषि महाविद्यालय के कार्यों समीक्षा की गई।केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने बासौदा कृषि महाविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत लाने की कवायद को आश्वस्त कराते हुए कहा महाविद्यालय को जल्दी ही भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से एक टीम को अवलोकन हेतु गंज बासौदा कृषि महाविद्यालय में भेजा जाएगा। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंह चौहान ने महाविद्यालय की विकास हेतु केंद्रीय निधि से राशि देने का आश्वासन देते हुए कहा कि महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु अतिरिक्त फंड की व्यवस्था की जाएगी।महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद किया एवं महाविद्यालय में किया जा रहे गतिविधियों की प्रशंसा की उन्होंने महाविद्यालय के निर्माणाधीन भवन का भी अवलोकन किया है। समीक्षा बैठक की शुरुआत महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने महाविद्यालय में की जा रही गतिविधियों के संबंध में प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए की गई थी। केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान का महाविद्यालय में पहुंचने पर सबसे पहले महाविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा गॉड आफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात् परिसर में पीपल के पौधे का रोपण कर पौधरोपण हेतु अभिप्रेरित किया है।

# सीजन में पहली बार बरगी बांध के 9 गेट खुले, छोड़ा जा रहा 52 हजार 195 क्यूसेक पानी

**जबलपुर।** रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के जलस्तर को नियंत्रित करने इस सीजन में पहली बार आज रविवार को दोपहर लगभग 12 बजे इसके 21 में से 9 स्पिल-वे गेट औसतन 1.33 मीटर की ऊंचाई तक खोल दिये गये हैं और इनसे 52 हजार 195 क्यूसेक (घनफुट पानी प्रति सेकंड) पानी छोड़ा जा रहा है।

कार्यपालन यंत्री बरगी बांध राजेश सिंह गौंड के अनुसार खोले गये नौ गेट में से गेट नम्बर दस, ग्यारह और बारह को दो-दो मीटर, गेट नम्बर नौ और तेरह को डेढ़-डेढ़ मीटर, गेट नम्बर आठ और चौदह को एक-एक मीटर तथा गेट नम्बर सात और पंद्रह को आधा-आधा मीटर की ऊंचाई तक खोला गया है। उन्होंने बताया कि बांध में आवक को देखते हुये कभी भी इससे पानी निकासी की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।



कार्यपालन यंत्री बरगी बांध के मुताबिक रविवार को दोपहर ग्यारह बजे बांध का जल स्तर 417.40 मीटर रिकार्ड किया गया था और इस समय इसमें लगभग 98 हजार 741 क्युसेक पानी प्रवेश कर रहा था। उन्होंने बाँध के निचले क्षेत्र के निवासियों से नर्मदा तट से सुरक्षित दूरी बनाये रखने तथा डूब क्षेत्र में प्रवेश न करने की अपील करते हुये बताया कि बांध से पानी छोड़ने से नर्मदा नदी का जलस्तर चार से पांच फुट तक बढ़ सकता है। बांध का पूर्ण जल भराव स्तर 422.76 मीटर है और ऑपरेशनल मैन्युल के अनुसार 31 जुलाई तक इसका जलस्तर 417.50 मीटर रखा जाना प्रस्तावित है।

# गेहूं और सोयाबीन के रेट में जबरदस्त उछाल, टमाटर-प्याज हुए सस्ते!

7 जुलाई को देश की प्रमुख कृषि मंडियों में कई फसलों के दामों में बदलाव देखने को मिला। जहां सोयाबीन और गेहूं के दामों में तेजी आई, वहीं टमाटर और प्याज की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। जानें आज के प्रमुख मंडी भाव।

देशभर की मंडियों से आ रहे ताजा अपडेट के मुताबिक, 7 जुलाई को कई फसलों के रेट में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। जहां एक तरफ सोयाबीन और गेहूं के भाव में अच्छी तेजी आई है, वहीं टमाटर और प्याज के दामों में हल्की गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम की स्थिति और बाजार की मांग के अनुसार भाव में ये बदलाव नजर आए हैं। ऐसे में किसान भाइयों और व्यापारियों के लिए यह दिन काफी अहम हो सकता है, क्योंकि सही वक्त पर फसल बेचना या खरीदना सीधा मुनाफे से जुड़ा होता है। नीचे जानिए आज की प्रमुख मंडियों के ताजा रेट्स।

अनाज भाव क्विंटल के अनुसार
सोयाबीन- 2785 से 3700
गेहूं- 2290 से 3055
गेहूं सुजाता- 2700
मक्का- 3000 से 3800
डॉलर चना- 6020 से 9800
देसी चना- 5060 से 7500
चना कांटा- 3300
आमचूर- 3100
मसूर- 4180 से 6900



मूंग- 4070 से 7700
मूंग एवरेज- 4130 से 6200
तुअर- 3010 से 6400
तुअर सफेद महाराष्ट्र- 2080 से 6800
निमाड़ी तुअर- 3000 से 5800
सरसों- 3070 से 5250
सरसों निमाड़ी- 2250 से 5500
उड़द बोल्ड- 5300
उड़द मीडियम- 6050 से 7500
हलका उड़द- 5380 से 7420

आज भारतीय शेयर बाजार ने मारी पलटी, धीमी शुरुआत के बाद हरा निशान आया नजर, जानिए आज का बाजार

सब्जी भाव 10 किलो के अनुसार
सेब- 3100 से 13200
केला- 600 से 1500
टमाटर- 703 से 1800
कद्दू- 103 से 600
खीरा- 500 से 800
करेला- 610 से 700
लौकी- 210 से 500
बेंगन- 320 से 340
फुल गोभी- 210 से 1000
अदरक- 560 से 700

हरी मिर्च-1030 से 3000
पत्ता गोभी- 210 से 800
सहजन- 240 से 500
धनिया- 225 से 800
शिमला मिर्च - 200 से 700
टेंसी- 140 से 300
नींबू~1530 से 4500
आलू भाव 10 किलो के अनुसार
एक्स्ट्रा सुपर आलू- 2300 से 3600
गुल्ला आलू- 3000 से 4100
ज्योति आलू- 1100 - 1800
चिप्सोना आलू- 820 - 1500
छांटन आलू- 900 से 2000

प्याज भाव क्विंटल के अनुसार
एक्स्ट्रा सुपर प्याज- 4100 से 5000
सुपर प्याज- 4000 से 4500
एवरेज प्याज- 3100 से 3800
लहसुन भाव क्विंटल के अनुसार
एक्स्ट्रा सुपर लहसुन- 21400-28000
सुपर लहसुन- 12300 से 19000
एवरेज लहसुन- 10400 से 17000
मीडियम लहसुन- 10700 से 15000
हलकी लहसुन- 5000 से 11000

## गुरुपूर्णिमा पर्व पर होगा शिवलिंग का निर्माण-नितिन राय

**छिंदवाड़ा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शिवसेना द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व पर पार्थेश्वर शिवलिंग का निर्माण किया जायेगा। तत्पश्चात् शिवलिंग की पूजन पाठ के साथ सद्गुरुदेव श्री 108 गोवर्धन जी पटेल की चरण पूजन करते हुये गुरुपूर्णिमा उत्सव मनाया जायेगा। पार्थेश्वर शिवलिंग का विसर्जन माँ नर्मदा के तट पर होगा। धर्मप्रेमी जनता जनार्दन से शिवसेना नेता नितिन राय ने गुरुपूर्णिमा पर्व में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष बने राजेश साहू

**अमरवाड़ा।** भारतीय किसान संघ अमरवाड़ा अभ्यास वर्ग का हुआ समापन एवं अमरवाड़ा तहसील नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन जिसमें तहसील अध्यक्ष राजेश कुमार साहू तहसील मंत्री निलेश जांघेला को दायित्व सोपा गया इस अवसर पर संभाग संगठन



मंत्री पूरनलाल जी शर्मा भिंड स्वदेश कोठारी प्रांत मंत्री अनिरुद्ध पटेल संभागीय अध्यक्ष मेरसिंह चौधरी प्रांत मंत्री डॉ रमेश जी प्रांतीय सदस्य संतोष राय जिला अध्यक्ष नरसिंहपुर विष्णु पटेल कोषाध्यक्ष नरसिंहपुर रामराव लाडे जिला अध्यक्ष छिंदवाड़ा रामभरोश पटेल जिला उपाध्यक्ष छत्रसाल राठौर जिला प्रचार प्रसार प्रमुख दिनेश पटेल जिला कार्यकारिणी सदस्य पुनाराम वर्मा जिला कार्यकारिणी सदस्य और तहसील इकाई के भारतीय किसान संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

## उपभोक्ताओं की सुविधा की दृष्टि से बहुत ही उपयोगी है स्मार्ट मीटर

**सीहोर।** बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा की दृष्टि से मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। कंपनी ने बताया कि घरेलू स्मार्ट मीटर के अनेक फायदे हैं। यह घरेलू स्मार्ट मीटर ऊर्जा की खपत को ट्रैक करने और ऊर्जा की बचत करने में मदद करता है। उपभोक्ता अपने एप के जरिए मोबाइल पर रियल-टाइम डेटा देखकर ऊर्जा की खपत को नियंत्रित कर सकते हैं। स्मार्ट मीटर बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिल में कोई गलती नहीं होती। स्मार्ट मीटर से ऊर्जा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी मिलती है, ताकि ऊर्जा की खपत को बेहतर बनाया जा सके।

# जीतिका को दिल्ली में डॉक्टर की मानक उपाधि से सम्मानित किया गया



**छिंदवाड़ा।** अनुष्का एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा जीतिका विश्वकर्मा को दिल्ली में डॉक्टर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया, यह बहुत ही गौरव की बात है कि छिंदवाड़ा जिले से श्रीमती जीतिका विश्वकर्मा जी को दिल्ली में सम्मान मिला उन्होंने अपने जीवन काल में कई वर्षों से अनेक सामाजिक क्षेत्र में पूर्ण लगन से महिला सम्मान महिला सशक्तिकरण महिला आत्मनिर्भरता महिला उत्पीड़न घरेलू हिंसा आदि के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए महिलाओं को एक नई दिशा प्रदान की है, साथ ही परिवार परामर्श केंद्र की अध्यक्ष होने के नाते केंद्र में अनेक प्रकरणों की सुनवाई करते हुए अधिक से अधिक परिवारों में पारिवारिक विवादों को समाप्त करते हुए परिवारों में खुशियां स्थापित की हैं परिणाम स्वरुप श्रीमती गीतिका विश्वकर्मा को अनेक मंचों पर सम्मानित भी किया गया है इसी श्रृंखला में अंतरराष्ट्रीय स्तर की विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग दिल्ली द्वारा उन्हें डॉक्टरेट की मानव उपाधि से दिल्ली में सम्मानित किया गया। साथ ही गोल्ड मोमेंटो वह इंटरनेशनल सदस्य का आई कार्ड प्राप्त हुआ सम्मान समारोह में पूरे भारत से आए अनेक क्षेत्र में अपने योगदान के लिए समाज के लिए किए गए कार्य के लिए अनेक लोगों को सम्मानित किया गया इस सम्मान समारोह में हमारे देश के जल थल और वायु सेवा प्रमुख सिंदूर ऑपरेशन के प्रमुख कमांडर विजय शंकर बावला ग्रुप कैप्टन सुरेश कुमार कर्नल अशोक कॉल करनाल वेद प्रकाश भार्गव स्वामी कृष्णानंद चरण आनंद डॉ राकेश रंजन डी.आर. सप्तर्षी बोस व प्रसिद्ध अभिनेता बिंदु द्वारा सिंह के हस्त कमल से सम्मान प्राप्त हुआ व डॉक्टर जीतिका विश्वकर्मा ने सभी को धन्यवाद देते हुए अपने गृह जिले छिंदवाड़ा की समस्या को भी सभी के समक्ष रखा व सभी को धन्यवाद प्रेषित किया।

## कुनबी समाज द्वारा आषाढ़ी एकादशी पर हरिनाम सप्ताह का आयोजन



**छिंदवाड़ा।** तिरोले कुनबी समाज द्वारा आषाढ़ी एकादशी के पावन पर्व पर चंदनगांव स्थित समाज भवन में हरिनाम सप्ता का भव्य आयोजन किया गया जिसमें समाज के लगभग 25-30 भजन मंडलों ने भगवान विट्ठल रुक्मणी के संगीतमयी भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन पंजाबराव अवारे, देवराव ठाकरे, रामराव अवारे, सुरेश कराडे भगवंत राव जी कराडे के द्वारा किया गया तथा समाज के अध्यक्ष चंद्रभान देवरे जी द्वारा दही लाही की मटकी फोड़कर प्रसाद वितरण किया गया। इसके पश्चात समाज द्वारा भव्य दिंडी यात्रा निकाली गई जो विवेकानंद कालोनी के साँई मंदिर होते हुए गजानन महाराज के मंदिर में समाप्त हुई। समाज द्वारा आयोजित किये गये इस सफल कार्यक्रम के लिए समाज के अध्यक्ष चंद्रभान देवरे ने सभी सामाजिक बंधूओ ,मातृ शक्ति वरिष्ठ नागरिक संगठन, युवा संगठन एवं कार्य कारिणी के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# प्रशिक्षकों ने दी बैडमिंटन इतिहास की जानकारी



**छिंदवाड़ा।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा विश्व बैडमिंटन दिवस का आयोजन ओलिंपिक स्टेडियम हॉल में किया गया जिसमें बैडमिंटन के इतिहास की जानकारी एवं भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों द्वारा अर्जित उपलब्धियों के बारे में विस्तार से खिलाड़ियों को समझाया गया मुख्य प्रशिक्षक जावेद खान ने सभी खिलाड़ियों को बताया कि बैडमिंटन खेलने से संपूर्ण शरीर का अभ्यास होता है तथा शरीर सदैव स्वस्थ रहता है उन्होंने बैडमिंटन खिलाड़ियों को विभिन्न सुझाव एवं नवीन नियमों से अवगत कराया आयोजन का संचालन कोच एवं सह सचिव श्री विनय सिंह चंदेल ने किया इस अवसर पर अक्षत शुक्ला , आकाश गोराई, अभिनव साहू , अश्वंत मार्को, पार्थ चौकसे, वैभव वाडिवा, विश्वजीत , महिमा यादव,लक्ष्मी मार्को, निष्ठा डेहरिया,तनिष्का विश्वकर्मा , अंकिता कुम्हरे, अक्षिता गौतम , संभवी सोनी , श्रीजा भांडुरिया, निमित सिंगोतिया , जगदीश देशमुख विशेष रूप से उपस्थित थे की

# बच्चों ने किया एमपीईबी कॉलोनी के ओपन एरिया में पौधरोपण

## फाउंडेशन ने बच्चों को समझाया पौधरोपण का महत्व



**छिंदवाड़ा।** स्वास्थ्य, सेवा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के लिए कृत संकल्पित वीर मेमोरियल फाउंडेशन ने रविवार 6 जून से अपने पर्यावरण संरक्षण अभियान की शुरुआत की। अभियान के पहले चरण में चंदनगांव स्थित एमपीईबी कॉलोनी के ओपन एरिया में पौधारोपण किया गया। यह पौधारोपण बच्चों के माध्यम से किया गया है। फाउंडेशन के सदस्यों, क्षेत्र वासियों, क्षेत्रीय पार्षद सहित क्षेत्र के बच्चों के साथ कॉलोनी के ओपन एरिया में पौधारोपण कर बच्चों को पौधारोपण के महत्व को समझाया गया।

फाउंडेशन के फाउंडर रविकांत अहिरवार ने बच्चों को पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि बचपन से ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना आगे चलकर आपको एक बेहतर पर्यावरण प्रेमी बना सकता है। पर्यावरण हमें ऑक्सीजन उत्पादन,जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण एवं शांति प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान देता है अपने आस पास हरियाली का महत्व भी फाउंडेशन के सदस्यों ने बच्चों को समझाया। पौधारोपण के दौरान सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रवासी और बच्चे मौजूद रहे। उन्होंने फाउंडेशन के द्वारा किए गए पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए जा रहे हैं कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी कामता प्रसाद अहिरवार क्षेत्रीय पार्षद दिवाकर सदारंग, पूर्व पार्षद योगेश सदारंग, पर्यावरण प्रेमी प्रवीण नासेरी, नरेंद्र सोनारे ,विजय गावंडे, विक्रांत अहिरवार, रोशन सिगंनापुरे सहित फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण व पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

## 10 वीं, 12 वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी होंगे पुरस्कृत

**छिंदवाड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चैहान के मार्ग निर्देशन पर जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चैधरी पुष्पेन्द्र सिंह अधिवक्ता ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 10 एवं 12 वीं में जिन किसानों के बच्चे 75 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे उन्हे जिला किसान कांग्रेस प्रशस्ति पत्र, मेडल और शील्ड देकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में समारोह आयोजित कर पुरस्कृत करेगी। छात्र-छात्राओं के परिवार में माँ अथवा पिता का किसान होना जरूरी है, साथ ही अंकसूची की छायाप्रति भी आवश्यक होगी। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन देना और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिले एवं कृषि क्षेत्र में किसान परिवारों का गौरव बढ़ाने और आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसान कांग्रेस ने यह अभिनव पहल की है, उन्होनें यह भी कहा कि किसान परिवार के जो छात्र-छात्राऐं जिले में मेरिट में आते हैं तो उन्हे किसान कांग्रेस विशेष तौर से सम्मानित करेगी।

# झाड़ फूंक में समय गंवाने से सर्पदंश के मरीज की जा सकती है जान

**छिंदवाडा।** बरसात की शुरुआत से ही जहरीले कीड़े एवं सांपो के निकलने से सर्प दंश की घटनाएं होती रहती हे ,जानकारी के आभाव मे लोग सर्प दंश के मरीज को अस्पताल ले जाने मे विलंब करते ओर घरेलू उपचार करने लगते हे,जब तक तबियत काफी बिगड़ चुकी होती है, जबकि स्वास्थ्य केन्द्रों में एन्टीस्नेक वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता है। सिविल डिफेन्स के मास्टर ट्रैनर श्यामल राव ने बताया की देश मे 300 प्रजाति के सर्प पाये जाते हे जिसमे से 70 प्रतिशत सर्प जहरीले नही होते, 30प्रतिशत जहरीले ओर 15प्रतिशत सर्प काटते हे जिसमे कोबरा, करेत, रसेल वाईपर, ओर सी स्नेक काफी जहरीला होता हे काटने पर तुरंत उपचार कराने अस्पताल जाना चाहिए।

बरसात के मौसम में सर्प-दंश व जहरीले जीव - जन्तुओं के काटने की घटनाएं अधिक होती हैं ओर घटना के पश्चात सर्पदंश के मरीज का ईलाज स्थानीय स्तर पर झाड़फूंक के जरिए करता ओर मरीज को जोखिम मे डाल देता हे बल्कि प्रभावित मरीज को तत्काल नजदीकी अस्पताल अवश्य पहुंचायें ताकि मरीज का बिना समय गंवाए तत्काल उपचार शुरू हो सके।श्री राव ने बताया कि एन्टीस्नेक वेनम इंजेक्शन के लिए जिला अस्पताल, एवं जिले के समस्त पी एच सी .सी एच सी मे उपलब्ध होते है। सांप या जहरीले कीड़े के काटने पर एंटी वेनम इंजेक्शन के लिए अस्पताल मे पदस्थ चिकित्सक से संपर्क किया जा सकता है।

## अब बच्चो को रास्तों की नहीं, सिर्फ पढ़ाई और आगे बढ़ने की चिंता होगी :-शरद

**विधायक ने 9 नई बसों को दिखाई हरी झंडी**

**शहडोल।** ये सिर्फ बसें नहीं हैं ये विद्यार्थियों के सपनों को स्कूल तक पहुँचाने का साधन हैं। अब उन्हें रास्तों की नहीं, सिर्फ पढ़ाई और आगे बढ़ने की चिंता होगी, ये सुविधाएं बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और भविष्य में उजाला लेकर आएगी। ये बाते मऊ सीएम राइज स्कूल द्वारा संचालित 9 नवीन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान ब्योहारी विधायक शरद कोल ने कही। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री नरेंद्र सिंह धुर्वे,जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षी सिंह, प्राचार्य सीएम राइज स्कूल मऊ सहित विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर धार विधायक ने ग्रामीणों को पानी के टैंकर वितरित किए

## ग्राम पंचायत ज्ञानपूरा, नानानखेड़ा और खरसोड़ा कों मिले टैंकर

**धार।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर धार विधानसभा क्षेत्र की भाजपा विधायक श्रीमती नीना वर्मा ने रविवार को ग्राम पंचायत ज्ञानपूरा, नानानखेड़ा और खरसोड़ा कों पानी के टैंकर वितरित किए। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया और कहा कि गाँव में नल-जल योजना से घरेलू जरूरतों के लिए पानी उपलब्ध तो है, लेकिन सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों जैसे विवाह, उत्सव, सामूहिक भोज आदि के लिए बड़ी मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है। ऐसे में टैंकर मिलने से गाँव वासियों की यह बड़ी समस्या दूर हो गई है। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विक्रम वर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष शुभम पाटीदार, स्थानीय कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। विधायक नीना वर्मा ने इस दौरान ग्रामीणों से संवाद कर सरकार की योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों की जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। पूर्व मंत्री विक्रम वर्मा ने कहा कि यह पहल ग्रामीण विकास और जनता की समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान और उनके सपनों के भारत निर्माण में उनके योगदान को भी याद किया। और कहा की पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विक्रम वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हमारे राष्ट्र और भाजपा के पितृ पुरुष हैं, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उन्होंने कहा कि ÷एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो



निशान नहीं चलेंगे÷ का नारा देकर डॉ. मुखर्जी ने भारत के एकीकरण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनके विचार और बलिदान हम सबके लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। विक्रम वर्मा ने कहा कि ग्रामीणों की जरूरतों को पूरा करना ही डॉ. मुखर्जी के सपनों के 'एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण की दिशा में एक कदम है। इस सोच के साथ भाजपा सरकार हर वर्ग के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने के लिए संकल्पित है। गांव के पुरुषो और महिलाओं ने विधायक को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस पहल से सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में होने वाली पानी की समस्या का समाधान हो गया है, जिससे गाँव में खुशहाली का माहौल है। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## भाजपा कार्यालय मे मनाई गयी डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मजयंती

**शहडोल ।**अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती मनाई गयी। कार्यालय मे डॉ प्रसाद की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी।वही जयंती के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यालय परिसर में फलदार पौधों का रोपण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहाँ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका बलिदान आजाद भारत का पहला राजनीतिक बलिदान है जो देश के लिए हुआ। हम सभी को यह भी याद रखने की आवश्यकता है कि देश में आजादी के बाद जनसंघ के कार्यकर्ताओं के साथ कैसा व्यवहार इस देश मे होता था, बावजूद इसके कार्यकर्ताओं ने विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्र के लिए समर्पित रह कर देश की सेवा की है हम सभी को भी प्रेरणा लेना चाहिए।

# बारिश में ताजियों का जुलूस निकाला अखाड़े के कलाकारों ने दिखाए करतब



**आष्टा।** रविवार को शहर के अलीपुर में ताजियों का जुलूस निकाला गया जैसे ही अलीपुर चौराहे पर ताजियों का जुलूस पहुंचा तो बारिश शुरू हो गई रिमझिम बारिश में ही जुलूस निकाला और दोनों ही मंचों से स्वागत भी हुआ मीरपुरा से जुलूस शुरू हुआ जो की प्रमुख मार्गो से होता हुआ अलीपुर चौराहे पर पहुंचा जहां पर हिंदू उत्सव समिति , नगर पालिका के मंच से मोहर्रम कमेटी के सदस्यों का साफा बांध का स्वागत किया। बता दे की हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले 10 दिवसीय मोहर्रम पर्व के चलते रविवार को अलीपुर का ताजियों का जुलूस निकाला जो की अलीपुर चौराहे पर पहुंचा जिसमें बड़ी संख्या में ताजिए शामिल हुए पुलिस और प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे ताजियों का जुलूस देखने के लिए अलीपुर चौराहे पर बड़ी संख्या में समाजजन एकत्रित हुए थे ढोल तासो के साथ निकले ताजिए के जुलूस में बैंड बाजे वालों ने भी अपनी प्रस्तुति देते हुए कई कव्वालियां इमाम हुसैन की शान में पड़ी अखाड़े के कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। शहर में सोमवार को प्रमुख मार्गो से ताजियों का जुलूस निकलेगा।

### अलीपुर हिंदू उत्सव समिति ने किया स्वागत

हिंदु उत्सव समिति पार्वती नगर अलीपुर आष्टा द्वारा मोहर्रम जुलूस का स्वागत माता मंदिर जनपद चौराहा अलीपुर आष्टा पर किया गया। सभी मोहर्रम कमेटी अलीपुर के सदर नायब ,सदर एवं कमेटी सदस्यों का साफा बांधकर एवं सम्मान पट्टिका से हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष मनोहर लाल श्रीवास्तव, समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों मनोहर लाल पांडिया पुरणमल नायक , रमेश परमार धनरुपमल जैन,कमलेश जैन,घनश्याम जांगड़ा , डॉ राज कुमार मालवीय पार्षद कन्हैयालाल गहलोत , कोमल चंद जैन मनोहर लाल वर्मा ,दिलीप सिंह वर्मा ,शंकर लाल वर्मा जुगल चित्तौडा अर्जुन सिंह ठाकुर सरपंच बाबूलाल जमालिया कमलेश सांवरिया ,कैलाश बंजारिया, ? अर्जुनसिंह ठाकुर ,सुशील शर्मा ,रवि पंडिया,मनोज जैन अशोक पांचाल गोपाल पांचाल द्वारा स्वागत किया गया।

### नगर पालिका के मंच से स्वागत किया

अलीपुर में निकले ताजियों के जुलूस का अलीपुर चौराहे पर सबसे पहले हिंदू उत्सव समिति के नेतृत्व में सभी का साफा बांधकर स्वागत किया उसके बाद नगर पालिका के मंच से नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ,सीएमओ विनोद प्रजापति, पार्षद राजकुमार मालवीय, डॉ सलीम ,रवि शर्मा , धनरूपमल जैन, कमलेश जैन, प्यारे पटेल, कोमल जैन, पवन पहलवान आदि की उपस्थिति में सभी का स्वागत किया इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि समाज जन उपस्थित रहे।

## जान जोखिम में डालकर पुल, पुलियों एवं रपटों को न करें पार

**शहडोल ।** जिले में लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है, जिले में क ई क्षेत्रों में जल भराव तथा पुल, पुलियों एवं रपटों में ऊपर से पानी बहने के कारण आवागमन प्रभावित हुआ है। कलेक्टर डॉ.केदार सिंह तथा पुलिस अधीक्षक श्री राम जी श्रीवास्तव सहित प्रशासनिक अधिकारी लगातार बाढ़ आपदा की निगरानी करने के साथ ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। लगातार बारिश से कई स्थानों में पुल, पुलियों एवं रपटों के ऊपर से पानी बह रहा है, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अपील की है कि बाढ़ की स्थिति में जान जोखिम में डालकर पुल पुलिया पार नहीं करें, बरसाती नालों में कभी बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है, जिले में क ई स्थानों में जहां पुल, पुलियों तथा रपटों में ऊपर से पानी बह रहा है, वहां बैरीकेडिंग तथा स्थानीय लोगों को लगाकर जानकारी देने का काम किया गया है, फिर भी हर व्यक्ति को अपनी सुरक्षा की ज़िम्मेदारी स्वयं निर्वहन करनी चाहिए। आपने बताया कि मौसम विभाग व्दारा आगे भी बारिश की चेतावनी दी गई है, जिला प्रशासन द्वारा स्वयं को सुरक्षित रहने के लिए बाढ़ आपदा से बचाव में सहयोग प्रदान करें।

# डॉ मुखर्जी का संपूर्ण जीवन देश सेवा और जन सेवा के लिए समर्पित रहा : शेषराव यादव

## भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव चंदनगांव के वार्ड 36 में किया पौधारोपण

**छिंदवाड़ा।** भाजपा हर वर्ष 6 जुलाई को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाती है। इसी तारतम्य में रविवार को भाजपा ने जिले के सभी बूथों पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पौधारोपण कर जन्म जयंती मनाई।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने नगर के वार्ड क्रमांक 36 चन्दनगांव स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वाटिका में छायादार पौधों का रोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का व्यक्तित्व इन पेड़ों की तरह था। उन्होंने कहा कि डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने पूरे जीवनकाल सभी को कुछ ना कुछ दिया। उन्होंने कभी खुद कुछ लेने की इच्छा नहीं रखी। श्री यादव ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन देश सेवा और जन सेवा के लिए समर्पित रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी से जो देश सेवा और जन सेवा की सीख मिलती है उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए।

जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित हुआ मुख्य कार्यक्रम



डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती का मुख्य कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ था, डॉ.मुखर्जी ने शिक्षा कोलकाता विश्वविद्यालय से प्राप्त की और बाद में वे लंदन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बने, मुखर्जी महान नेता, शिक्षाविद् और देशभक्त थे, भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की, डॉ.मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर के लिए एक देश में एक विधान, एक निशान, एक प्रधान की मांग की, आज हम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके योगदान को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन एक आदर्श के रूप में याद किया जाता है।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पोफली, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय झांझरी, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे, कार्यक्रम संयोजक धर्मेन्द्र मिगलानी, सहसंयोजक दिवाकर सदारंग, संजीव रंगू यादव, माईकल पहाड़े, भाजपा नेता अजय सक्सेना, योगेश सदारंग, श्रीमती प्रीति बिसेन, श्रीमती अनिता शर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, जिला मंत्री अरूण चंदेल, अलकेश लाम्बा, संदीप सिंह चौहान, दीपक कोल्हे, संदीप रघुवंशी, उपस्थित थे।

### प्रदर्शनी का वाटिका में किया उद्घाटन

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती के अवसर पर वार्ड क्रमांक 36 भरता देव वार्ड डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी वाटिका मैं वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के शुभंकर जिला अध्यक्ष शेषराव यादव उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ वृक्षारोपण करने के साथ ही डॉक्टर श्यामा प्रसाद के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुआ इसके पश्चात डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन श्रद्धा सुमन अर्पित किए उपस्थित सभी सामान्य अतिथियों एवं वरिष्ठ जनों का का पार्षद दिवाकर सदारंग द्वारा पार्टी गमछा पहनकर सम्मान किया गया दिवाकर सदारंग द्वारा स्वागत भाषण दिया गया है उद्बोधन की श्रृंखला में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पोफली ने मुखर्जी के जीवन और उनके विचारों को साझा किया।

कई जिलों में तेज बारिश होने की वजह से हालात बिगड़ने लगे, कितने ही रास्ते बंद हो गए

# प्रदेश के दर्जनों जिलों में आज भारी बारिश का येलो-ऑरेंज अलर्ट




**भोपाल।** मध्यप्रदेश मध्य प्रदेश में स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव होने की वजह से कई जिलों में लगातार बारिश कब और चल रहा है। कई जिलों में तेज बारिश होने की वजह से हालात बिगड़ने लगे हैं। सोमवार को भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। सिवनी-बालाघाट में खतरा ज्यादा है। यहां अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। 24 घंटे में 8 इंच से ज्यादा पानी गिर सकता है। जबलपुर, डिंडौरी, मंडला, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, बैतूल में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। मुरैना, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, सीहोर, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, पन्ना, कटनी, उमरिया, शहडोल और अनूपपुर में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। अन्य जिलों में भी बारिश का दौर बना रहेगा। मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि प्रदेश में बारिश के स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हैं। अगले चार दिन 10 जुलाई तक प्रदेश के ज्यादातर हिस्से में तेज बारिश का दौर रहेगा। पूर्वी हिस्से में सिस्टम का असर ज्यादा रहेगा।

### 9 घंटे में साढ़े 3 इंच हुई बारिश

रविवार को उमरिया में 9 घंटे में साढ़े 3 इंच पानी गिर गया। मंडला में डेढ़ इंच, जबलपुर में 1 इंच, नर्मदापुरम के पचमढ़ी में पौन इंच बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा भोपाल, बैतूल, नर्मदापुरम, इंदौर, रायसेन, रतलाम, उज्जैन, छिंदवाड़ा, छतरपुर के खजुराहो, सागर, सतना, सिवनी, सीधी, बालाघाट, डिंडौरी, कटनी, नरसिंहपुर, शहडोल, सीहोर, शाजापुर, राजगढ़, आगर-मालवा, विदिशा में भी हल्की बारिश का दौर जारी रहा। कई जिलों में देर रात तक बारिश होती रही।

### जबलपुर में बरगी डैम के 9 गेट खोल दिए

जबलपुर में बरगी डैम के 9 गेट खोल दिए गए। इसे लेकर जिला प्रशासन और बरगी बांध प्रबंधन ने नर्मदा नदी के निचले इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया। शहडोल रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म तक पानी भर गया। रेलवे ट्रैक पूरी तरह से डूब गया है। इससे ट्रेनें 4 घंटे लेट हुईं। कटनी में नदी-नाले उफान पर हैं। उमरिया से संपर्क टूट गया है। मंडला और डिंडौरी जिलों में तेज बारिश के चलते इन दिनों नर्मदा नदी उफान पर है। अपस्ट्रीम में नर्मदा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे बरगी बांध में पानी की आवक भी तेजी से हो रही है। शिवपुरी जिले में पोहरी का पवा झरना 100 फीट की ऊंचाई से गिर रहा है। यहां का भदैया कुंड भी बह रहा है। नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। उमरिया में जोहिला डैम के 4 गेट खोले गए हैं।

### प्रदश में 4 दिन तक मौसम का ऐसा ही रहेगा मिजाज

**7 जुलाई:** जबलपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बैतूल में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। सिवनी-बालाघाट में 8 इंच से ज्यादा पानी गिर सकता है। मुरैना, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, सीहोर, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, पन्ना, कटनी, उमरिया, शहडोल और अनूपपुर में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। अन्य जिलों में भी बारिश का दौर बना रहेगा।

**8 जुलाई:** छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट है। वहीं, विदिशा, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला और बालाघाट में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इंदौर, उज्जैन, भोपाल, राजगढ़, देवास, गुना, सीहोर, अशोकनगर, शिवपुरी, छतरपुर, पन्ना, दमोह, जबलपुर, कटनी, रीवा, सीधी, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी और अनूपपुर में भारी बारिश हो सकती है।

**9 जुलाई:** इंदौर, देवास, झाबुआ, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर, भोपाल, रायसेन, सागर, नरसिंहपुर, विदिशा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना, ग्वालियर, भिंड, दतिया, सिवनी, डिंडौरी, अनूपपुर, कटनी और उमरिया में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

**10 जुलाई:** विदिशा में अति भारी बारिश का अलर्ट है। ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, जबनपुर, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, शाजापुर, देवास, रतलाम और उज्जैन में भारी बारिश हो सकती है।

# मास्टरमाइंड सौरभ आहूजा को ईडी ने दिल्ली से किया गिरफ्तार

## जयपुर में शादी समारोह से हो गया था फरार

**रायपुर/नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव सट्टा ऐप घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मामले के मुख्य आरोपी सौरभ आहूजा को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। ईडी की रायपुर टीम को खुफिया जानकारी मिली थी कि महादेव सट्टा सिंडिकेट का मास्टरमाइंड सौरभ आहूजा जयपुर के फेयरमाउंट होटल में अपनी शादी के आयोजन में शामिल है।



इस सूचना के आधार पर ईडी ने त्वरित कार्रवाई की। जयपुर के फेयरमाउंट होटल में सौरभ आहूजा की शादी का भव्य आयोजन चल रहा था, जिसमें बॉलीवुड सितारों और कई बड़े कारोबारियों की मौजूदगी थी। जैसे ही ईडी की टीम होटल पहुंची, सौरभ को कार्रवाई की भनक लग गई। उसने मंडप, दुल्हन और मेहमानों को छोड़कर मौके से फरार होने की कोशिश की। हालांकि, ईडी ने दिल्ली में घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। सौरभ के साथ प्रणवेंद्र समेत तीन अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। शादी में बड़े खुलासे सूत्रों के अनुसार, शादी के लिए होटल में 120 कमरे बुक किए गए थे, जिनका किराया 20,000 रुपये प्रति रात था। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में भारतीय और विदेशी व्यंजनों का इंतजाम किया गया था। भिलाई से करीब 100 वीआईपी मेहमान शामिल हुए, जिनमें राइस मिलर्स, सराफा व्यापारी, ऑयल डीलर और मेडिकल स्टोर संचालक शामिल थे। ईडी ने सभी मेहमानों से पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया।

### बालाघाट का मॉडल 89 इलाकों में होगा लागू

# प्रदेश की पुलिस चौकियों से आदिवासियों को मिल रहे पट्‌टे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले में पुलिस ने 46 थानों और कैंपों में एकल सुविधा केंद्र शुरू किए हैं। इन केंद्रों के जरिए ऑपरेशन पहचान के तहत आधार कार्ड, आयुष्मान योजना, वृद्धावस्था पेंशन, और आपकी भूमि आपके द्वार अभियान के तहत वनाधिकार पट्टा जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। हालांकि शुरुआत में नक्सलियों ने ग्रामीणों को इन केंद्रों से दूर रहने के लिए उकसाया। लेकिन जब इन केंद्रों से सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को सीधे मिलने लगा, तो नजरिया बदला। धीरे-धीरे लोगों का इन केंद्रों पर भरोसा बढ़ा। इसका सबसे बड़ा उदाहरण तब देखने को मिला, जब इलाके के कुख्यात नक्सली कमांडर संपत की पत्नी हिरोड़ा बाई खुद पुलिस कैंप पहुंची और वनाधिकार पट्टे का फॉर्म भरकर जमा किया।

### मुख्यमंत्री ने बैठक में ये निर्देश दिए

अब इस मॉडल को प्रदेश के 89 आदिवासी ब्लॉक में लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को सीएम हाउस में एक बैठक ली, जिसमें उन्होंने ये निर्देश दिए। यह बैठक वन अधिकार अधिनियम और पेसा एक्ट के क्रियान्वयन को लेकर गठित राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की शीर्ष कार्यकारी समिति के साथ हुई। बालाघाट एसपी आदित्य मिश्रा साल 2022 में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पदस्थ थे। उसी दौरान उन्होंने बालाघाट के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस चौकियों को एकल सुविधा केंद्रों में बदलने की शुरुआत की थी। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू करते हुए ग्रामीणों, खासकर आदिवासी वर्ग को वनाधिकार पट्टों के आवेदन, जाति प्रमाण पत्र बनवाने और अलग-अलग सरकारी योजनाओं का फायदा दिलाने का जरिया बनाया गया। हालांकि, बीच में आदित्य मिश्रा का तबादला हो गया। लेकिन इस साल, जब वे फिर बालाघाट एसपी बनकर पहुंचे, तो उन्होंने पिछले महीने (जून) से इस काम को फिर से शुरू किया।




1008 दिगंबर जैन मंदिर नेहरू नगर में आर. डी. मेमोरियल कॉलेज ( रानी दुल्लाईया स्मृति ) द्वारा आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

# घर ट्यूशन पढ़ाने वाले टीचर ने महिला से रेप किया, ब्लैकमेल कर कई बार संबंध बनाए

**भोपाल।** ऐशबाग में एक होम ट्यूटर ने महिला से रेप किया। आरोपी ने पीड़िता के पर्सनल वीडियो भी बना लिए थे। इन फोटो और वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर भी कर दिया। आरोपी पीड़िता के घर उसके बच्चों को पढ़ाने आया करता था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी युवक की गिरफ्तारी फिलहाल नहीं की जा सकी है। थाना



पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 35 वर्षीय महिला गृहिणी है। वह अपने पति व बच्चों के साथ रहती है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि शहादत मिर्जा नाम का युवक होम ट्यूटर है वह उसके बच्चों को पढ़ाने के लिए घर आता था। पिछले महीने शहादत ने छिपकर महिला के आपत्तिजनक फोटो अपने मोबाइल से खींच लिए। इसके बाद आरोपी अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ ज्यादती की। इसके बाद आरोपी ने उसे ब्लैकमेल कर कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी युवक ने 30 जून को भी आखरी बार महिला का शारीरिक शोषण किया। कई बार रेप करने के बाद आरोपी पीड़िता से पैसा देने की मांग करने लगा। आरोपी की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर पीड़िता ने अपने पति को बताया और थाने पहुंचकर रविवार की रात एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी शहादत मिर्जा की तलाश शुरू कर दी है।




भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में मुक्ति की उड़ान मासिक पत्रिका के विशेषांक का विमोचन किया। उन्होंने मुक्ति की उड़ान पत्रिका के संपादक राजेन्द्र कुमार सोनी, प्रबंध संपादक संतोष गुप्ता के पत्रकारिता क्षेत्र में सतत योगदान की सराहना की और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### मध्यप्रदेश में 9 आईएएस के ट्रांसफर

# राजेश राजौरा की जगह नीरज मंडलोई होंगे मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने को मुख्यमंत्री सचिवालय से लेकर मंत्रालय के महत्वपूर्ण विभागों की कमान संभाल रहे अधिकारियों की पदस्थापना में बड़ा बदलाव किया है। डॉ. राजेश कुमार राजौरा की जगह नीरज मंडलोई को मुख्यमंत्री का अपर मुख्य सचिव (एसीएस) पदस्थ किया है। मंडलोई को नई जिम्मेदारी देने के साथ ही ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी भी यथावत रखी गई है। वहीं राजौरा पहले की तरह ही एनवीडीए और जल संसाधन विभाग का काम देखते रहेंगे। मुख्यमंत्री सचिवालय में चौथी बार बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इसके पहले मुख्यमंत्री के सचिव भरत यादव, प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह और संजय शुक्ल भी पदस्थ थे। रविवार देर रात कुल नौ आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। नगरीय विकास की दृष्टि से एकीकृत विकास योजना, मेट्रोपालिटिन जैसे बड़े कदम उठाए जाने हैं। ऐसे में संजय दुबे को नगरीय विकास एवं आवास विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वे लगातार आईटी सेक्टर की नीति नई योजनाएं लेकर आए थे, पदोन्नति नियम में सक्रियता से भागीदारी निभाकर उन्होंने मुख्यमंत्री का भरोसा हासिल कर लिया है।



| | | |
|---|---|---|
| डॉ. राजेश राजौरा | ACS मुख्यमंत्री | ACS, नर्मदा घाटी विकास |
| संजय दुबे | ACS, GAD | ACS,नगरीय विकास एवं आवास |
| नीरज मंडलोई | ACS, ऊर्जा विभाग | ACS, मुख्यमंत्री |
| संजय कुमार शुक्ला | ACS,नगरीय विकास एवं आवास | ACS, GAD |
| डीपी आहूजा | PS, मछुआ कल्याण | PS, सहकारिता |
| एम सेलवेंद्रन | सचिव, किसान कल्याण | सचिव, कार्मिक, GAD |
| निशांत वरवड़े | आयुक्त, उच्च शिक्षा | सचिव, किसान कल्याण |
| प्रबल सिपाहा | ओएसडी, PSC इंदौर | आयुक्त, उच्च शिक्षा |
| राखी सहाय | प्रबंध संचालक, वित्त निगम | सचिव, PSC इंदौर |

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ल के रहते विभाग की महत्वपूर्ण फाइल तेजी से आगे नहीं बढ़ पा रही थी। इसके कारण सिंहस्थ सहित विभाग के कई महत्वपूर्ण निर्णय नहीं हो पा रहे थे। मुख्य सचिव अनुराग जैन भी उनके कामकाज से संतुष्ट नहीं थे। माना जा रहा है कि इसी कारण उन्हें हटाकर सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थ किया गया है। एम. सेलवेंद्रन कार्मिक एवं कृषि विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उन्हें कृषि विभाग से कार्यमुक्त कर केवल सचिव कार्मिक का काम सौंपा गया है। इधर, अपर आयुक्त वाणिज्यिक कर इंदौर तन्वी हुड्डा को प्रबंध संचालक मप्र वित्त विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं डीपी अहूजा के कार्यभार ग्रहण करने पर अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल केवल सहकारिता विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

# भोपाल सेंट्रल जेल में बाहरी कैदियों को परिजनों से बात करने 16 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम बनेंगे

**भोपाल।** भोपाल सेंट्रल जेल जल्द ही पहले से अधिक हाईटेक होने जा रहा है। अब तक यहां केवल 11 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम होते थे। जिसके माध्यम से आतंकियों और हाईप्रोफाइल कैदियों की ही पेशी करा पाना जेल प्रशासन के लिए संभव होता था। जल्द यहां 16 नए वीसी रूम का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। इसके लिए मुख्यालय से बजट पास कर दिया गया है। इसका उद्देश्य कैदियों को अदालत में पेशी के लिए जेल से बाहर ले जाने की आवश्यकता को कम करना है, और सुरक्षा, दक्षता में सुधार करना है। जेल अधीक्षक राकेश भांगरे ने बताया कि यह कदम कैदियों को उनके परिवार से जोड़े रखने और उन्हें सामाजिक रूप से जुड़े रहने में मदद करेगा। साथ ही, इससे जेलों में मुलाकातों की प्रक्रिया भी आसान हो जाएगी, जिससे कैदियों और उनके परिजनों दोनों को सुविधा होगी। वीसी रूम के




माध्यम से, कैदियों को अदालत में शारीरिक रूप से पेश होने की आवश्यकता कम होती है।

वीसी से पेशी कराने पर सुरक्षा जोखिम कम होता है। वीसी के माध्यम से, कैदी अपने परिवार और दोस्तों से आसानी से मिल सकते हैं, जिससे उनके मानसिक सेहत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। वीसी अदालती कार्यवाही और अन्य जेल गतिविधियों को अधिक कुशल बना सकता है।

# बाबूलाल गौर दशहरा एवं खेल मैदान का अधिग्रहण रोकने सौंपा ज्ञापन



**भोपाल।** 10 वर्षों से बरखेडा एफ सेक्टर स्थित बाबूलाल गौर खेल एवं दशहरा मैदान पर निम्नलिखित सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे विजयदशमी पर रावण दहन, कृष्ण जन्माष्टमी पर मटकी फोड प्रतियोगिता, धर्म जागरण हेतु भागवत कथा एवं विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं जैसे क्रिकेट टूर्नामेंट, कबड्डी टूर्नामेंट, वालीबाल टूर्नामेंट खेले जा रहे हैं। भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु इस मैदान का उपयोग भी किया जाता है। विगत वर्षों में कई बड़े-बड़े कार्यक्रम सरकार द्वारा किए जा चुके हैं।

युवाओं में खेलों के प्रति एवं धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने में इस मैदान का बहुत बड़ा योगदान है, 300-400 ट्रक मिट्टी डालकर यहां के क्षेत्रीय युवा साथियों ने मिलकर यह मैदान बनाया है, इस मैदान से कुछ आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु इसका अधिग्रहण किया जा रहा है, जो की न्यायोचित नहीं है।

लगभग 8 वर्ष पूर्व महाप्रबंधक चौरागढ़ द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बाबूलाल गौर एवं आपकी उपस्थिति में इस मैदान को खेल मैदान घोषित किया था, तब से लेकर आज तक इसमें अनवरत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगिता होती आ रही है।

इस क्षेत्र में इस मैदान के अलावा कोई ऐसा मैदान नहीं है, जहां पर सांस्कृतिक आयोजन एवं खेल प्रतियोगिताएं हो सके, एवं इस मैदान में मध्यप्रदेश सरकार के भी आयोजन होते रहते हैं। अतः निवेदन है कि क्षेत्रीय जनमानस की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए न्यायोचित कार्यवाही करें और इस मैदान का अधिग्रहण आर्थिक लाभ हेतु ना होने दे। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय बनमानस सदा आभारी रहेंगे।

# भोपाल एयरपोर्ट को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल ने मचाया हड़कंप



**भोपाल।** राजा भोज एयरपोर्ट पर एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इससे एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया है। यह धमकी एयरपोर्ट डायरेक्टर के आधिकारिक ईमेल अकाउंट के जरिए दी गई। धमकी में दावा किया गया कि एयरपोर्ट परिसर में विस्फोटक रखा गया है। किसी भी समय एयरपोर्ट को उड़ा दिया जाएगा। धमकी मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन के साथ-साथ सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं और तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। धमकी मिलने पर एयरपोर्ट प्रशासन ने तुरंत ही गांधीनगर थाने को इस मामले की सूचना दी। गांधीनगर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए भारतीय दंड संहिता और विमानन सुरक्षा नियमों के तहत आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया। पुलिस ने बम डिस्पोजल स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड को तत्काल एयरपोर्ट पर भेजा, और पूरे एयरपोर्ट परिसर, टर्मिनल, बैगेज एरिया और आसपास के इलाकों की गहन तलाशी शुरू की। इसके अलावा, एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारियों ने सभी फ्लाइट्स और यात्रियों के लिए सुरक्षा चेक प्वाइंट्स को कड़ा कर दिया था। हालांकि, जब तक तलाशी पूरी नहीं हुई, सभी फ्लाइट्स और यात्रियों को किसी प्रकार का खतरा नहीं बताया गया था।

### ईमेल और आईपीएड्रेस को किया जा रहा ट्रैक

पुलिस और साइबर सेल की टीमें अब इस धमकी भरे ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुटी हैं। उन्होंने ईमेल के ट्रैकिंग और आईपी एड्रेस के माध्यम से आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। हालांकि, फिलहाल कोई संदिग्ध वस्तु मिलने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन पुलिस और साइबर सेल की टीमें धमकी भरे संदेश के स्रोत का पता लगाने में जुटी हैं। इस समय एयरपोर्ट की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जा रही है।

### पहले भी मिल चुकी हैं धमकियां

यह पहली बार नहीं है जब राजा भोज एयरपोर्ट को धमकी मिली हो। पिछले कुछ महीनों में यह चौथी घटना है जब एयरपोर्ट, निजी लैब और स्कूलों को बम की धमकियां मिली थीं, जो बाद में फर्जी साबित हुई थीं। खुफिया एजेंसियां इस समय यह जांच कर रही हैं कि क्या ये धमकियां किसी बड़े आतंकी साजिश का हिस्सा हैं या महज शरारत।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त | पंजीयन क्रं. 3875
Shri Sai Vidhya Niketan
Nai Aabadi, Gupteshver Colony, Garoth, Dist. Mandsaur
Admission Open 2025-26
Hindhi Medium
English Medium
9 th to 12 th
आप भी विद्यालय का स्वयं अवलोकन कर आपके बच्चों को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढाना चाहते हो तो हमे अवसर प्रदान करें।
✲ अनुभवी मेहनती एवं योग्य अध्यापकों द्वारा प्रशिक्षण व्यवस्था ✲ शिक्षण शुल्क 10 माह का ✲ नर्सरी से पहली तक मान्टेसरी पद्धति से अध्ययन कार्य ✲ पारिवारिक वातावरण में अध्ययन कार्य ✲ खेल हेतु मैदान एवं सामग्री उपलब्ध ✲ विद्यालय भवन नगर के म ध्य स्थित एवं सुरक्षित स्थान ✲ छात्र/छात्राओं के बोद्धिक विकास हेतु मार्गदर्शन शिविर एवं खेल उपकरण, झूले, फिसल पट्टी आदि की व्यवस्था ✲ सभी कक्षाओं में हवा, स्वच्छ एवं फर्नीचर युक्त कक्ष ✲ वाहन सुविधा उपलब्ध ।
श्रीमती अर्चना गुप्ते, अध्यक्ष | संजय बंघेरवाल, व्यवस्थापक | श्रीमती जया गुप्ते, प्रधानाध्यापिका

Leading center of learning and educational excellence
अपने क्षेत्र का एकमात्र विश्वस्तरीय विद्यालय
ISO 9001 2015 Certified
Daffodils Smart School
CBSE Affl.No.1031239
..... The Garden of Skills
Admission OPEN
Session 2025-26
Nursery to 12th
Science, Commerce & Humanities
TRADITIONAL VALUES
MODERN OUTLOOK
EXPLORING CREATIVITY
ENGLISH MEDIUM HIGHER SECONDARY SCHOOL
100% RESULT IN 10TH CBSE BOARD
Pipliyamandi-Manasa Road, Gudbheli | Email: daffodils.smart.school@gmail.com
Mobile: 6261006547, 7974444292